RNI NO: UPHIN/2023/89251

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इंडिपेंडेंट भारत

वर्ष : 02
अंक : 327
मंगलवार 03 नवंबर 2026
मूल्य : 02 रूपये
पृष्ठ : 08
कुशीनगर से प्रकाशित



पेज-2 कुशीनगर के दो चिकित्सकों को नेपाल... पेज-3 बारा में चुनावी बिगुल से पहले शक्ति... पेज-4 शंकरगढ़ में बोले ज्वेलर मुकेश सोनी - गहने नहीं...

गोंडा को 520 करोड़ रुपए की 69 विकास परियोजनाओं की सौगात

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गोंडा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह मनकापुर और गौरा विधानसभा क्षेत्रों में 520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 69 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। विकासखंड छपिया की ग्राम पंचायत तेजपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और चेक भी वितरित किए जाएंगे। मनकापुर क्षेत्र में 94 करोड़ रुपये की लागत वाली नौ परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 160 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 20 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। वहीं, गौरा विधानसभा क्षेत्र में 53 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 19 परियोजनाओं का लोकार्पण और 213 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 21 परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, विधायक रमापति शास्त्री, प्रभात कुमार वर्मा, विनय कुमार द्विवेदी, प्रतीक भूषण सिंह, प्रेम नारायण पाण्डेय, बावन सिंह और अजय सिंह तथा जिला पंचायत प्रशासक घनश्याम मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे।

रामलीला मैदान में दस लाख लोगों के मौजूद रहने के दावे की खुली कलई

कांग्रेस की महारैली रही फ्लॉप

विपक्ष के दावे दिखे बेअसर

- कांग्रेस ने सीईसी ज्ञानेश कुमार और भाजपा नेताओं पर साधा निशाना
- भाजपा ने कहा-राहुल नहीं बन पाएंगे प्रधानमंत्री

■ नई दिल्ली

देश के प्रमुख त्योहार दीपावली के ठीक पहले नई दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की महारैली बड़े बड़े दावों के बीच फीकी ही रही। रविवार को रैली में इंडिया गठबंधन के घटक दल के नेता मौजूद रहे, तो उनके समर्थक आप आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, डीएमके नेता एम के स्टालिन और बीजद के प्रमुख नवीन पटनायक की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही।अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका भी यहां दिखायी नहीं दिए।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस, मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग लगातार करती आ रही है। इसी क्रम में रविवार को कांग्रेस की महारैली आयोजित करने का निर्णय बदलने का व्यापारियों ने बार बार अनुरोध किया था। व्यापारियों का कहना था कि रैली दीपावली पर्व के कारण स्थगित की जाए या इसका स्थान बदला जाए। तर्क है कि रामलीला मैदान के आसपास दर्जनों प्रमुख बाजार हैं और यहां पर दीपावली के पहले प्रतिदिन 5 से 10 हजार करोड़ रुपयों का व्यापार होता है। इसके बावजूद राहुल गांधी ने रामलीला मैदान में ही यह आयोजन कर एक बार फिर अराजकता फैलाने का, जो प्रयास किया, वह भी देशवासियों के संयम प्रदर्शन के कारण असफल साबित हुआ। दूसरी ओर पश्चिमी दिल्ली के हरिनगर से लेकर तिलक नगर तक सिख समुदाय के लोगों ने सड़क पर उतरकर सिखों के पुराने जख्मों पर नमक छिड़कने के प्रयासों का भी संयमित तरीके से जवाब दिया और कांग्रेस को आत्मचिंतन के लिए मजबूर किया। दिल्ली में पिछले दिनों भी विपक्ष ने आंदोलनों के नाम पर अराजक स्थिति बनाने की असफल कोशिशें कीं।



सिख विरोधी दंगों के खिलाफ विरोध मार्च निकाला



भाजपा ने दिल्ली के हरि नगर में विरोध मार्च निकाला और 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस तथा उसके नेता राहुल से माफी मांगने की मांग की। विरोध मार्च में केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि 1984 में सिखों के खिलाफ हिंसा एक 'सुनियोजित' नरसंहार था, न कि दंगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी इस मार्च में हिस्सा लिया।

आजम खां 14 दिन की न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेजे गए

- ईडी ने रामपुर जेल से रिहा होते ही किया था गिरफ्तार, अदालत ने पुलिस रिमांड की मांग ठुकराई

■ लखनऊ

जौहर ट्रस्ट और मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को पूर्व मंत्री आजम खां को गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया। सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेज दिया। ईडी ने पूछताछ के लिए 14 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मांगी थी, जिसका आजम खां के वकील ने विरोध किया। अदालत ने रिमांड की मांग स्वीकार नहीं की।



आजम खां को शनिवार को रामपुर जिला कारागार से रिहा होते ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। दो पैन कार्ड से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सात-सात साल की सजा निलंबित किए जाने के बाद उनकी रिहाई का आदेश जारी हुआ था। हालांकि, जेल से बाहर निकलते ही ईडी की टीम उन्हें अपने साथ गाजियाबाद ले गई।

426.46 करोड़ की संपत्ति अटैच

ईडी जौहर ट्रस्ट और विश्वविद्यालय निर्माण में कथित वित्तीय अनियमितताओं तथा मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। एजेंसी ने विश्वविद्यालय की जमीन और भवनों सहित 426.46 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति अस्थायी रूप से अटैच की है। इसका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 1,170 करोड़ रुपये आंका गया है। ईडी के अनुसार, जांच में 426.46 करोड़ रुपये के वित्तीय लेनदेन का हिसाब नहीं मिल सका है।

तीन साल से जमे अफसरों की रिपोर्ट तलब

चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप होंगे तबादले

■ लखनऊ

वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस महकमे में तबादलों की तैयारी तेज हो गई है। पुलिस मुख्यालय ने एक जिले में तीन साल की सेवा पूरी कर चुके एएसपी, डिप्टी एसपी, इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों की जानकारी 15 नवंबर तक मांगी है। इस संबंध में सभी एडीजी जोन और पुलिस कमिश्नरों को निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारियों की तैनाती अवधि के साथ उनके खिलाफ लंबित विभागीय जांच, शिकायतों और अन्य मामलों की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी गई है। तबादले चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप किए जाएंगे।

तुष्टीकरण का दंश झेलने को विवश थी अयोध्या : योगी

- मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर प्रस्तुत की अयोध्या की पुरानी और नई तस्वीर

■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर अयोध्या की पुरानी और नई तस्वीर प्रस्तुत करते हुए वर्ष 2017 से पहले की स्थिति और उसके बाद हुए बदलावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सभ्यता की जन्मभूमि, संस्कृति की प्राणधारा और आस्था की शाश्वत ज्योति अयोध्या वर्ष 2017 से पहले उपेक्षा, अव्यवस्था और तुष्टीकरण का तेजाबी दंश सहने को विवश थी। उस समय श्रद्धालुओं की यात्रा कठिन थी, नगर की व्यवस्थाएं जर्जर थीं और स्थानीय परिवारों के लिए विकास की संभावनाएं सीमित थीं।

विरासत और प्रगति का संगम बनी रामनगरी: योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी विकास की प्रतीक्षा करने वाली अयोध्या आज अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए प्रगति का नया अध्याय लिख रही है। असंख्य सनातनियों की आस्था, अस्मिता और आराधना का केंद्र अयोध्या 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करते हुए सांस्कृतिक चेतना और समृद्धि का उज्ज्वल प्रतीक बन रही है।

विरासत को मिला आधुनिक विकास का विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या की प्राचीन गरिमा को आधुनिक विकास का नया विस्तार मिला है। भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, रामपथ, धर्मपथ, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आधुनिक रेलवे स्टेशन जैसे निर्माणों से श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि हुई है और रामनगरी के गौरव को नया आयाम मिला है। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ अब अयोध्यावासियों के घर-आंगन तक पहुंच रहा है। पर्यटन में वृद्धि से व्यापार को संबल मिल रहा है, नए अवसर युवाओं को रोजगार से जोड़ रहे हैं और स्थानीय परिवार समृद्धि की नई आशाएं संजो रहे हैं।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर नई पाबंदियाँ लागू

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए 1 नवंबर से नई पाबंदियाँ लागू हो गई हैं। अब दिल्ली के बाहर पंजीकृत बीएस-व्हीआई से कम मानक वाले वाहनों को राजधानी में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सरकारी और निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत कर्मचारियों के लिए घर से काम करना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा कई सार्वजनिक पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़ा करने का शुल्क दोगुना कर दिया गया है।

संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक आज से इंदौर में , डॉ. भागवत करेंगे तीन दिनी बैठक का शुभारंभ

■ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक आज सोमवार से इंदौर में आरंभ हो रही है। बैठक का शुभारंभ सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सुबह 9:30 बजे करेंगे। बैठक में संघ के सभी सह सरकार्यवाह समेत देश भर से आए 408 कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।



संघ शताब्दी वर्ष के समापन के बाद होने जा रही इस बैठक में तीन दिन अलग-अलग सत्रों में बीते साल हुए शताब्दी प्रसंग से जुड़े सभी आयोजनों की कार्यक्रम बार समीक्षा के साथ भविष्य की कार्ययोजना और अभियानों की समीक्षा की जाएगी। 2027 में संघ की संगठनात्मक संरचना में होने जा रहे बदलाव के प्रारूप को भी इस बैठक में चर्चा के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा। यह बदलाव प्रारूप अगले साल मार्च में होने वाली प्रतिनिधि सभा में स्वीकृत किया जाना है।

बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के अमेरिका, कनाडा, यूके प्रवास के प्रभाव पर भी चर्चा प्रस्तावित है। 4 नवंबर तक डेली कॉलेज के अशोका सभागृह में आयोजित इस बैठक में सामाजिक समरसता, पंच परिवर्तन जैसे अभियान पर आगामी कार्ययोजना पर विमर्श के अलावा देश में नशे की बढ़ती चुनौती और इसके समाधान में समाज की सहभागिता पर भी विशेष रूप से चर्चा होगी।

बैठक में संघ के अखिल भारतीय अधिकारियों के अलावा सभी 11 क्षेत्र एवं 46 प्रांतों के प्रचारक, सहप्रचारक, संघचालक, सहसंघचालक, कार्यवाह, सह कार्यवाह एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहेंगे।

राम मंदिर चंदा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित हेराफेरी और चोरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महत्वपूर्ण आदेश देते हुए इस प्रकरण से जुड़ी सभी याचिकाओं का निपटारा कर दिया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अदालत को जानकारी दी गई कि मंदिर के चंदे में कथित गड़बड़ी के मामले में जांच पूरी होने के बाद आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किया जा चुका है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकताओं को मुकदमे की सुनवाई के दौरान स्थानीय न्यायिक मजिस्ट्रेट की सहायता करने की अनुमति प्रदान कर दी। अदालत ने संबंधित मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि वह कानून के अनुसार मामले की आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष हुई।

राष्ट्रमंडल सम्मेलन से पहले ऐतिहासिक दास व्यापार पर संवाद की पेशकश

एंडी बर्नहैम गुलामी पर औपचारिक माफी के लिए तैयार, पर मुआवजा देने से किया इनकार

■ लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने कहा है कि वह देश की ऐतिहासिक गुलामी में भूमिका के लिए औपचारिक माफी की मांगों पर विचार करने को तैयार हैं। अगले सप्ताह होने वाले राष्ट्रमंडल सम्मेलन में उन्हें इस मुद्दे पर वित्तीय मुआवजे की मांगों का सामना करना पड़ सकता है। एक आलेख में बर्नहैम ने कहा कि ब्रिटेन अटलांटिक पार दास व्यापार से प्रभावित लोगों के साथ व्यवस्थित संवाद शुरू करने की पेशकश कर रहा है। इस व्यापार के दौरान कम से कम 1.25 करोड़ अफ्रीकी लोगों का अपहरण कर उन्हें गुलामी के लिए बेचा गया था। बर्नहैम ने कहा कि ब्रिटिश राज्य की ओर से औपचारिक माफी देने की मांगों को सुनना इस संवाद प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह ऐसी मांगों पर विचार करने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है।

ऐतिहासिक गलतियों के लिए आज के लोग जिम्मेदार नहीं

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने गुलामी के लिए वित्तीय मुआवजा देने की मांगों को स्वीकार नहीं किया। उनका कहना है कि आज के ब्रिटिश नागरिकों को उन ऐतिहासिक गलतियों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, जो अलग दौर और अलग कानूनों के तहत हुई थीं और जिनमें उनकी व्यक्तिगत भूमिका नहीं थी। उन्होंने लिखा कि अतीत में हुए गंभीर अन्याय के बावजूद वर्तमान पीढ़ी पर उसकी वित्तीय जिम्मेदारी डालना उचित नहीं होगा। 15वीं से 19वीं सदी के बीच यूरोपीय व्यापारियों ने लाखों अफ्रीकी लोगों को गुलामी के लिए बेचा। अटलांटिक पार दास व्यापार के आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन ने इस दौरान करीब 32 लाख लोगों को अटलांटिक के पार ले जाकर गुलामी में धकेला।

नासा ने बनाया पेंसिल जितना पतला एक्स-59 सुपरसोनिक जेट


वाशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बेहद पतले और नुकीले एक्स-59 सुपरसोनिक प्रायोगिक विमान ने अपनी पहली उड़ान की पहली वर्षगांठ पर पूरे अमेरिका के ऊपर से उड़ान भरी। यह विमान कैलिफोर्निया से फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर की यात्रा पर निकला था। उड़ान के दौरान इसे देखने वाले लोगों ने इसके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जो तेजी से वायरल हो गए। नासा प्रशासक जेरेड इसाकमैन ने भी एक्स पर वीडियो की सराहना करते हुए विमान के कैनेडी सेंटर पहुंचने की पुष्टि की।

बाइनेंस ने की 6.3 अरब डॉलर की क्रिप्टो चोरी के 90 प्रतिशत नुकसान की भरपाई

कंपनी के सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा ग्राहकों पर नहीं डालेंगे बोझ

■ वाशिंगटन

दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस ने कहा है कि वह अपने मंच पर हुई 6.3 अरब डॉलर की रिकॉर्ड चोरी से हुए नुकसान की करीब 90 प्रतिशत भरपाई कर चुका है। कंपनी ने चोरी हुए क्रिप्टो टोकन की जगह नए टोकन खरीदने के लिए अपने धन का इस्तेमाल किया है। बाइनेंस के मुताबिक, शेष 10 प्रतिशत नुकसान की भरपाई भी की जाएगी, हालांकि कम कारोबार वाले टोकन खरीदने में अधिक समय लग सकता है।



कंपनी के सह- मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड टेंग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि चोरी हुई संपत्तियों में से 90 प्रतिशत की भरपाई कर दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बाकी रकम भी जुटाई जाएगी और इस घटना का वित्तीय बोझ ग्राहकों पर नहीं डाला जाएगा। शुक्रवार को क्रिप्टो बाजार में कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

निकासी सेवा रविवार से बहाल होने की उम्मीद

हमले के बाद बाइनेंस ने ग्राहकों को अपने खाते से धन निकालने की सुविधा अस्थायी रूप से रोक दी थी। हालांकि, कंपनी ने कहा कि निकासी सेवा जल्द से जल्द दोबारा शुरू की जाएगी। उम्मीद है कि हम रविवार को यह सेवा शुरू कर देंगे। बाइनेंस ने अपने बयान में बताया कि नुकसान की भरपाई के लिए उसने आंतरिक रूप से करीब 6.34 अरब डॉलर का कंपनी धन अलग रखा है। चोरी हुए टोकन दोबारा खरीदने के लिए इस्तेमाल की गई रकम उसके विभिन्न कोषों से जुटाई गई।

नेतन्याहू विरोधी दलों के पास कुल 67 सीटें, सरकार के गठन पर बातचीत शुरू

■ येरुशलम

इजराइल में चुनाव के बाद सरकार गठन को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। यशार पार्टी के प्रमुख गादी आइजेनकोट ने कहा कि वह नई संसद में मिले बहुमत का जल्द इस्तेमाल करेंगे। उनके मुताबिक, पिछले सप्ताह हुए चुनाव में मतदाताओं ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के खिलाफ स्पष्ट जनादेश दिया है। इजराइल की 120 सदस्यीय संसद नेसेट में नेतन्याहू विरोधी दलों ने कुल 67 सीटें हासिल की हैं। इनमें 48 सीटें जायोनी दलों के पास हैं, जबकि 19 सीटें दो अरब दलों को मिली हैं। दूसरी ओर, नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिली हैं। सरकार बनाने के लिए कम से कम 61 सांसदों का समर्थन जरूरी है। ऐसे में दोनों पक्षों के सामने बहुमत जुटाने की चुनौती बनी हुई है। जायोनी दलों की 48 सीटें और दो अरब दलों की 19 सीटों को मिला दिया जाए, तो कुल संख्या 67 हो जाती है। इतनी सीटें सरकार बनाने के लिए पर्याप्त हैं। अब इजराइल में विपक्षी दल नेतन्याहू रहित गठबंधन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

एक लाख दीपों से जगमगाएगा राम जन्मभूमि परिसर

दीपोत्सव के दसवें वर्ष पांच जोन में होगी दीप प्रज्जवलन की व्यवस्था, एक हजार कार्यकर्ता संभालेंगे जिम्मेदारी

■ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव के एक दशक पूरे होने के अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि परिसर एक लाख दीपों से जगमगाएगा। भव्य आयोजन के लिए पूरे परिसर को पांच जोन में बांटकर दीप प्रज्वलन की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। इस कार्य में करीब एक हजार कार्यकर्ता जुटेंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भी व्यवस्थाओं में सहयोग करेंगे। अगले पांच दिनों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।



पांच जोन में बांटी जिम्मेदारी: श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, शनिवार को यात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) के सभागार में हुई बैठक में दीपोत्सव की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र (सेवानिवृत्त), सचिव जगदीश आफले और श्री जगन्नाथ गुलवे ने कार्यकर्ताओं को व्यवस्थाओं की जानकारी दी। श्रीरामलला मंदिर का विशेष अलंकरण किया जा चुका है। अब परिसर के अन्य हिस्सों में सजावट और दीप प्रज्वलन की तैयारियां पूरी की जाएंगी।

इन क्षेत्रों में जगमगाएंगे दीप

पहले जोन में श्रीरामलला मंदिर, मंदिर प्रांगण, परकोटा, ग्रीन हाउस और यज्ञशाला क्षेत्र में 30 हजार से अधिक दीप जलाए जाएंगे। इसकी जिम्मेदारी अर्चक प्रमुख आचार्य केशव जी को दी गई है। दूसरे जोन में कुबेर टीला, सप्त मंडप, शेषावतार मंदिर, हुतात्मा स्मारक और पंचवटी सहित अन्य स्थानों पर 30 हजार से अधिक दीप प्रज्वलित होंगे। इसका दायित्व चन्द्रन क्षितिज और उनकी टीम संभालेगी। तीसरे जोन में वापसी दर्शन मार्ग, यात्री सुविधा केंद्र, पीएफसी प्लाजा और नल टीला में 14 हजार से अधिक दीप जलाए जाएंगे। यहां पीपी मिश्रा के नेतृत्व में व्यवस्था की जाएगी। चौथे जोन में यात्री सेवा केंद्र, अंगद टीला, सीता रसोई और रामानंदाचार्य द्वार सहित अन्य स्थानों पर 13 हजार से अधिक दीप प्रज्वलित होंगे। इसकी जिम्मेदारी कैप्टन जे.पी. द्विवेदी (सेवानिवृत्त) और उनकी टीम को सौंपी गई है। पांचवें जोन में श्रीराम जन्मभूमि पथ, दर्शन मार्ग, सिंह द्वार और चरण पादुका क्षेत्र में 13 हजार दीप जलाए जाएंगे। नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व वाली टीम को इस कार्य में उत्तर प्रदेश पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का सहयोग मिलेगा।

अयोध्या की पहचान को मिलेगी वैश्विक पहचान

ट्रस्ट के समाचार प्रबंधक सुभाष चंद्र सिंह ने बताया कि दीपोत्सव की सभी तैयारियां निर्धारित समय में पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का माध्यम भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दीपोत्सव रामनगरी की पहचान को नई ऊंचाई देने का प्रयास है।

दशहरा मेले में मंच से कूदे दरोगा – बच्चों की लड़ाई में दिखाई बहादुरी, कौंधियारा पुलिस की हर तरफ तारीफ

इंडिपेंडेंट भारत कौंधियारा/प्रयागराज आशीष तिवारी



करछना/प्रयागराज। कौंधियारा थाना क्षेत्र के बारी बजहिया चौराहे पर लगे दशहरा मेले में पुलिस का मानवीय चेहरा देखने को मिला। कौंधियारा थाने में तैनात उपनिरीक्षक अंकित तिवारी ने मंच से भीड़ में कूदकर बच्चों के झगड़े को शांत कराया। उनकी सूझबूझ से मेले में फैलता तनाव टल गया। अब हर जुबान पर उन्हीं की चर्चा है।बताया गया कि दशहरा पर्व पर मेले की सुरक्षा की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक अंकित तिवारी, उपनिरीक्षक रिशुकांत और महिला उपनिरीक्षक आरती पटेल को दी गई थी। मेला अपने शबाब पर था। हजारों की भीड़ जुटी थी। झूले, दुकानें और मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहे थे। अंकित तिवारी अपनी टीम के साथ गश्त कर मंच पर क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ बैठे थे।इसी दौरान मंच के ठीक नीचे सड़क पर कुछ बच्चों में कहासुनी हो गई। बात हाथापाई तक पहुंच गई। देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई। लोग तमाशा देखने लगे। माहौल में खलल पड़ने लगा। अगर समय पर हस्तक्षेप न होता तो झगड़ा बड़ा हो सकता था। यह नजारा देख अंकित तिवारी एक पल भी नहीं रुके। वे तुरंत मंच से नीचे भीड़ में कूद पड़े। बीच में घुसकर उन्होंने बच्चों को अलग किया। प्यार से समझाया और मामला रफा-दफा कराया। उनके इस अंदाज ने वहां मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। इसके बाद वे देर रात तक पूरे मेले में घूम-घूम कर शांति व्यवस्था बनाए रखते नजर आए।उनकी इस तत्परता की मेला कमेटी ने दिल खोलकर तारीफ की। मेला प्रभारी मुन्ना शुक्ला, संचालक योगेंद्र पटेल उर्फ इंडिया, अध्यक्ष मिथिलेश पटेल, कोषाध्यक्ष संजय पटेल उर्फ बबोल और संरक्षक पवन पटेल ने कहा कि ऐसे जांबाज पुलिसकर्मियों की वजह से ही मेला शांतिपूर्ण संपन्न हो पाया।मौके पर मौजूद जिला पंचायत सदस्य राजकुमारी पटेल, राममनोहर पटेल, डॉक्टर विनोद पटेल, रमेश पटेल, नीरज पटेल, हरिओम पटेल, धर्मेंद्र पटेल, ग्राम प्रधान रामदुलार पटेल, अंगूरा देवी, दुकानदार ओमकार सेठ सहित पत्रकार रामबाबू पटेल, शिव कैलाश भारतीय, गौरीशंकर बिंद ने भी अंकित तिवारी के कार्य को अनुकरणीय बताया।

प्रयागराज में न्याय के साथ सेवा - विधिक प्राधिकरण का मेगा शिविर, लाभार्थियों को मिले चेक-उपकरण

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में रविवार को विधिक सेवा का बड़ा मेला लगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मेगा सहायता शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश शेषमणि ने दीप जलाकर किया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ।शिविर में सरकार की दो दर्जन से ज्यादा योजनाओं के लाभार्थी जुटे। जज शेषमणि ने दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण, महिलाओं को पेंशन स्वीकृति पत्र, युवाओं को उद्यमी विकास प्रमाण पत्र और आवास योजना के लाभार्थियों को डेमो चेक सौंपे। बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण, डूडा, पीएम स्वनिधि, विश्वकर्मा सम्मान, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के स्टॉलों पर भीड़ रही।मंच से जनपद न्यायाधीश ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण सिर्फ कानून नहीं, अधिकार जगाने का काम करता है। हम चाहते हैं कि हर गरीब, दिव्यांग, महिला और मजदूर को योजना का लाभ मिले। कोर्ट में मुकदमे बढ़ें नहीं, इसलिए मध्यस्थता केंद्र और सुलह केंद्र बनाए गए हैं। न्याय घर-घर पहुंचे, यही लक्ष्य है। सचिव प्रदीप्ति सिंह और अपर जिला जज विनोद चौरसिया ने कहा कि प्राधिकरण का फोकस निर्बल वर्ग पर है। एससी-एसटी, असंगठित मजदूर, बच्चों और निराश्रित महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ना है।इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। आशुतोष श्रीवास्तव ने गणेश वंदना से समां बांधा। जज ने संस्कृति विभाग की पांडुलिपि प्रदर्शनी देखी और अफसरों को निर्देश दिया कि स्टॉल सिर्फ दिखावे के लिए न हों, लाभार्थी बढ़ाए जाएं। जिला बार अध्यक्ष केवी तिवारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता, छात्र और अधिकारी मौजूद रहे।

निगम सदन में युवा संसद का संगम - एक राष्ट्र-एक चुनाव पर गरजे युवा, अदिति सिंह ने मारी बाजी

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। प्रयागराज के युवाओं ने रविवार को सदन में अपनी आवाज बुलंद की। नगर निगम के सदन सभागार में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन हुआ। भारत सरकार के युवा कार्य मंत्रालय के निर्देश पर मेरा युवा भारत ने यह कार्यक्रम कराया।उप निदेशक जागृति पांडेय के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में 80 युवाओं का चयन माय भारत पोर्टल से किया गया था। शहर से लेकर गांव तक के युवाओं ने एक राष्ट्र-एक चुनाव पर बेबाक राय रखी। किसी ने इसे खर्च बचाने वाला बताया तो किसी ने संघीय ढांचे पर सवाल उठाए। आत्मविश्वास ऐसा कि ज्यूरी भी प्रभावित हुई।मुख्य अतिथि महापौर उमेश केसरवानी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश को एक दिशा मिलेगी। बार-बार चुनाव से विकास रुकता है। नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने युवाओं से कहा कि राजनीति आपका भविष्य तय करती है, इसलिए भविष्य की राजनीति आप तय करो। पांच एक्सपर्ट की ज्यूरी में प्रो. अरविंद मिश्रा, आरपी सिंह, अभिषेक शुक्ला समेत अनुभवी लोग रहे। कड़ा मुकाबला हुआ। अंत में टॉप-10 घोषित हुए। प्रथम स्थान अदिति सिंह, द्वितीय वैभव श्रीवास्तव और तृतीय अदीबा अब्बासी को मिला। इन्हें 5000, 3000, 2000 रुपये नकद, ट्रॉफी और मेडल दिया गया। वंशिका, अंकुश, पलक सहित 10 युवा सम्मानित हुए।अब टॉप-3 युवा प्रयागराज का प्रतिनिधित्व विधानसभा स्तर पर करेंगे। संचालन अमरेश दुबे ने किया। युवराज, शुभम, कावेरी और पूरी टीम ने आयोजन को सफल बनाया।

रजिस्ट्रेशन के नाम पर संविदा बिजली कर्मचारियों से 1000 मांगने का ऑडियो वायरल

भीटा बिजली उपकेंद्र का मामला, वायरल ऑडियो से विभाग में मची हलचल; जांच के बाद ही स्पष्ट होगी सच्चाई

प्रयागराज घूरपुर बिजली विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर 1,000 रुपये मांगे जाने का कथित मामला सामने आने से विभाग में हलचल मच गई है। मामला विकासखंड जसरा के भीटा बिजली उपकेंद्र से जुड़ा बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक एक विभागीय कंपनी की ओर से संविदा कर्मचारियों से रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर 1,000 रुपये शुल्क मांगे जाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में कथित बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ऑडियो वायरल होने के बाद संविदा कर्मचारियों के बीच चचाओं का बाजार गर्म है।

कर्मचारियों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर धनराशि मांगे जाने के आरोप ने विभागीय व्यवस्था और संबंधित कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब कर्मचारियों की निगाहें विभागीय अधिकारियों की प्रतिक्रिया और संभावित जांच पर टिकी हैं।

हालांकि वायरल ऑडियो की सत्यता और रुपये मांगने के आरोपों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वास्तव में रजिस्ट्रेशन के नाम पर धनराशि मांगी गई है या नहीं और इसके पीछे कौन जिम्मेदार है।

भारद्वाज आश्रम और श्रृंगवेरपुर धाम में 6 नवंबर को भव्य दीपोत्सव, 1.25 लाख से अधिक दीप होंगे प्रज्ज्वलित

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की तैयारियों की समीक्षा, सभी विभागों को समय से तैयारी पूरी करने के निर्देश

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सर्किट हाउस सभागार में महर्षि भारद्वाज आश्रम एवं श्रृंगवेरपुर धाम में 06 नवंबर को प्रस्तावित दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में बताया गया कि 06 नवंबर को भारद्वाज आश्रम पार्क पर 1.25 लाख और श्रृंगवेरपुर धाम में भी 1.25 लाख से अधिक दीपों का प्रज्ज्वलन किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के सभी घाटों पर दीपोत्सव आयोजित करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।उन्होंने दोनों स्थलों पर पारंपरिक रूप से दीपोत्सव को सकुशल एवं भव्य रूप से आयोजित करने के लिए कमेटी गठित करने, घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश, पार्किंग और यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रृंगवेरपुर धाम में नियमित प्रकाश व्यवस्था के लिए हाईमास्क लाइट लगाने को कहा।पर्यटन और संस्कृति विभाग को सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शिक्षा विभाग को रंगोली बनाने की तैयारी समय से पूरी करने, मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करें और वालंटियर्स को भी शामिल किया जाए।इस अवसर पर विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, मंडलायुक्त लोकेश एम, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रयागराज के साहित्यकारों ने बांधा समां - डॉ. शंभुनाथ अंशुल को मिला साहित्य गौरव-2026, गूंजे कविता के स्वर



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। राजरूपपुर में सोमवार को साहित्य का महाकुंभ सजा। साहित्यांजलि प्रभा की मासिक बैठक और पंडित शंकर नारायण मालवीय स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन अजय मालवीय के आवास पर हुआ। इसमें प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. शंभुनाथ त्रिपाठी अंशुल को प्रथम साहित्य गौरव सम्मान-2026 से नवाजा गया।साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अंशुल को शॉल, सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुई। मुख्य अतिथि डॉ. अंशुल और अध्यक्ष शंभुनाथ श्रीवास्तव ने दीप जलाया।इसके बाद साहित्यांजलि प्रकाशन की काव्य गोष्ठी ने रंग जमा दिया। एक के बाद एक कवियों ने मंच संभाला। किसी ने देश प्रेम पर गीत सुनाया तो किसी ने समाज की विसंगतियों पर दोहे पढ़े। मुक्तक और गजलों पर वाह-वाह गूंजती रही। श्रोता देर तक झूमते रहे।मंच पर डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय, डॉ. योगेंद्र मिश्र, राकेश मालवीय मुस्कान, मुदित और चैतन्य मालवीय, असलम आदिल, एमएस खान, शरद श्रीवास्तव, रामलखन चौरसिया, रवींद्र कुशवाहा, रामसुख यादव सफाया जैसे दिग्गज मौजूद रहे।संचालक राकेश मालवीय मुस्कान ने कहा कि प्रयागराज साहित्य की धरती है, यहां ऐसे आयोजन जरूरी हैं। उपस्थित साहित्यकारों ने इसे साहित्य और समाज को जोड़ने वाली पहल बताया।

बारा में चुनावी बिगुल से पहले शक्ति प्रदर्शन - जारी बाजार में करवरिया समर्थकों का सैलाब, रामपुर जनसभा की तैयारी तेज



इंडिपेंडेंट भारत कौंधियारा/प्रयागराज आशीष तिवारी

कौंधियारा/प्रयागराज। बारा विधानसभा में सियासी पारा चढ़ गया है। कौंधियारा के जारी बाजार में रविवार को पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के समर्थकों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की भीड़ ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज कर दी। मौका था 12 नवंबर को रामपुर, करछना में होने वाली सर्वसमाज विशाल जनसभा की तैयारी का। सही दिशा-सही वक्त थीम पर हो रही इस जनसभा को लेकर करवरिया खुद मैदान में उतर गए हैं। उन्होंने जारी बाजार समेत कई जगह बैठक कर कार्यकताओं में जोश भरा।बैठक में तय हुआ कि जनसभा में हर गांव से लोगों को लाया जाएगा। कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे घर-घर जाकर निमंत्रण दें। करवरिया ने कहा कि यह किसी एक समाज की नहीं, सर्वसमाज की जनसभा है। सबकी भागीदारी से ही सही दिशा तय होगी।जारी बाजार में समर्थकों की भीड़ से जाम जैसी स्थिति बन गई। युवा बाइक रैली के साथ पहुंचे। कार्यकताओं ने कहा कि इतनी भीड़ ने साबित कर दिया कि जनता बदलाव चाहती है।आयोजकों के अनुसार जनसभा की तैयारी अंतिम चरण में है। मंच, साउंड और पार्किंग की व्यवस्था देखी जा रही है। अगले कुछ दिन में पूरे बारा, करछना क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। 12 नवंबर की जनसभा से पहले जारी बाजार की भीड़ को ट्रेलर के रूप में देखा जा रहा है।


उप मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन 6 लेन पुल का किया निरीक्षण, धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को निमार्णाधीन 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने और व्यू कटर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने को कहा।इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 लेन पुल बन जाने पर फाफामऊ में लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी और समय की बचत होगी। पुल शुरू होने पर माघ मेला, कुंभ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों के आवागमन में सुगमता होगी और यह पुल प्रयागराज के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

यमुनापार में संविधान पर संग्राम - शंकरगढ़ में 26 को महोत्सव, 6 मांगों पर गरजेंगे मजदूर



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। आजादी के 79 साल बाद भी संविधान जमीन पर नहीं उतरा, इस आरोप के साथ यमुनापार के खेतिहर मजदूर अब सड़कों पर उतरेंगे। 26 नवंबर संविधान दिवस पर शंकरगढ़ ब्लॉक परिसर में संविधान महोत्सव 2026 होगा।

कार्यक्रम के संयोजक हाईकोर्ट अधिवक्ता और डॉन संस्था के संस्थापक आई.पी. रामबृज ने बताया कि सुबह ब्लॉक से संविधान पदयात्रा निकलेगी और वहीं महोत्सव सभा में बदल जाएगी। आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता और हजारों भूमिहीन इसमें शामिल होंगे।आयोजकों का कहना है कि सरकारें संविधान के चार अहम अनुच्छेद भूल गई हैं। अनुच्छेद-13 रूढ़िवाद खत्म कर वैज्ञानिक सोच की बात करता है, अनुच्छेद-15 जातिविहीन समाज, अनुच्छेद-17 छुआछूत खत्म करने और अनुच्छेद-39 (ख)जमीन-उद्योग के बंटवारे की बात करता है। 76 साल में इन पर काम नहीं हुआ।महोत्सव में 6 बड़ी मांगें उठेंगी। यमुनापार की दर्जनों ग्राम सभाओं में भूमिहीनों को पट्टा दिया जाए। कोल समाज को अनुसूचित जनजाति में जोड़ा जाए। बारा और कोरांव सीट को एसटी के लिए रिजर्व किया जाए। यमुनापार को अलग जिला बनाया जाए। संपत्ति के बंटवारे के लिए जमीन और उद्योगों का राष्ट्रीयकरण हो। भूमिहीन मजदूरों को 60 हजार सालाना पेंशन मिले, जैसे किसानों को सम्मान निधि मिलती है।रामबृज ने कहा, यह महोत्सव नहीं, हक की लड़ाई है। अंत में राष्ट्रपति से लेकर मुख्यमंत्री तक के नाम ज्ञापन डीएम को दिया जाएगा।

शंकरगढ़ में बोले ज्वेलर मुकेश सोनी - गहने नहीं, भरोसा बेचते हैं, हॉलमार्क ही असली पहचान

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



शंकरगढ़। रानीगंज तिराहे पर स्थित ओम ज्वेलर्स की चमक सिर्फ सोने की नहीं, भरोसे की है। संचालक मुकेश सोनी ने कहा कि सोना-चांदी सिर्फ धातु नहीं, रिश्तों की मजबूती है।बातचीत में उन्होंने कहा कि गहना शरीर नहीं, दिल को सजाता है। बेटी के कन्यादान से लेकर मां की निशानी तक, हर गहने में एक कहानी है। महंगाई बढ़ी है, ट्रेंड बदले हैं, पर सोने का मोह बरकरार है। क्योंकि यह आभूषण के साथ सुरक्षा और सम्मान भी देता है।मुकेश ने ग्राहकों को टिप देते हुए कहा कि चमक पर मत जाओ, शुद्धता देखो। असली सोने पर हॉलमार्क की मुहर होती है। यही उसकी कैरेट और प्रमाणिकता बताती है। बिना हॉलमार्क के गहना लेना बिना कुंडली मिलाए शादी करने जैसा है। हम हर पीस पूरी जांच के साथ देते हैं।उन्होंने कहा कि लोग सस्ता ढूंढते हैं, पर भरोसा नहीं देखते। बड़े शोरूम में मेकिंग चार्ज ज्यादा लगता है, पर उसके साथ गारंटी, पारदर्शिता और वापसी की जिम्मेदारी जुड़ी होती है। हमारा मकसद बिक्री नहीं, रिश्ता बनाना है। एक बार जो आया, वह परिवार बन गया।धनतेरस-दीपावली को लेकर उन्होंने बताया कि इस बार चांदी के सिक्के, दीपक, थाल और सोने में मंगलसूत्र, झुमका, ब्रेसलेट की डिमांड टॉप पर है। ओम ज्वेलर्स में कस्टम डिजाइन की सुविधा है, ग्राहक फोटो दिखाकर वैसा ही गहना बनवा सकता है। इसलिए लोग इसे अपनी पसंद की जगह कहते हैं। अंत में उन्होंने सभी देशवासियों को सुख-समृद्धि की शुभकामना दी।

कुशीनगर के दो चिकित्सकों को नेपाल में मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान, 250 डॉक्टरों के सम्मेलन में हुए सम्मानित



इंडिपेंडेंट भारत

ब्यूरो,कुशीनगर। कुशीनगर के दो होम्योपैथिक चिकित्सकों को नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। भैरहवा स्थित मौर्य होटल में रविवार को आयोजित इंडो-नेपाल होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार एवं एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 में डॉ. अभ्युदय कुमार मौर्य और डॉ. पूजा मौर्य को चिकित्सा सेवा, मानव कल्याण और समाज के प्रति योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय गौतम बुद्ध शांति अवार्ड 2026 प्रदान किया गया। भारत और नेपाल के बीच चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग तथा वैज्ञानिक विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में दोनों देशों के करीब 250 चिकित्सकों ने भाग लिया। इनमें भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 150 और नेपाल के छह प्रदेशों से करीब 100 चिकित्सक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन नेपाल की लुम्बिनी प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री दीपेन्द्र कुमार पुनमगर ने किया। समारोह की अध्यक्षता आयुष मेडिकल एसोसिएशन, बिहार के अध्यक्ष डॉ. बिरेन्द्र नाथ मौर्य ने की। सम्मेलन का संचालन आयोजन संयोजक डॉ. अभ्युदय कुमार मौर्य ने किया। सम्मेलन में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति, अनुसंधान, वैज्ञानिक विचारों के आदान-प्रदान और चिकित्सकों के व्यावसायिक विकास जैसे विषयों पर चर्चा की गई। आयोजन का उद्देश्य दोनों देशों के चिकित्सकों के बीच संवाद, सहयोग और आपसी संबंधों को मजबूत करना रहा। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. अभ्युदय कुमार मौर्य ने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें चिकित्सा सेवा और मानव कल्याण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इसे अपने गुरुजनों, सहयोगियों, शुभचिंतकों और मरीजों के विश्वास का प्रतीक बताया। डॉ. अभ्युदय कुमार मौर्य के संस्थापक तथा पडरौना स्थित मौर्य होम्योपैथिक क्लिनिक के सीएमडी हैं। डॉ. पूजा मौर्य भी होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाएं दे रही हैं। दोनों चिकित्सकों ने सम्मान को भविष्य में चिकित्सा सेवा और जनजागरूकता के कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा बताया। कार्यक्रम में पंचज्योति के निदेशक गोविंद कुशवाहा, डॉ. वेलकेयर होम्योपैथी के निदेशक डॉ. संजय सिंह, केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम. के. साहनी, डॉ. आर. पी. सिंह, डॉ. एच. के. रंजन, डॉ. तबस्सुम अंसारी, डॉ. रागिनी सिंह, डॉ. कंचन शर्मा, डॉ. घनश्याम वर्मा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. शिब्बू अंसारी, डॉ. आदिल अहमद, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. श्याम पाण्डेय और डॉ. प्रवीण प्रभात सहित भारत और नेपाल के अनेक चिकित्सक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

समाचार

ईवीएम-वीवीपैट की जांच पूरी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने किया मॉक पोल



इंडिपेंडेंट भारत

ब्यूरो,कुशीनगर। आगामी निर्वाचन की तैयारियों के तहत ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) पूरी होने के बाद जिलाधिकारी संजय चौहान ने निर्वाचन कार्यालय में मशीनों और संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉक पोल कर मशीनों की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से स्वयं मशीनों का निरीक्षण करने और विभिन्न चुनाव चिह्नों के सामने स्थित बटन दबाकर मॉक पोल करने का आग्रह किया। इसके बाद वीवीपैट से निकली पर्चियों पर अंकित चुनाव चिह्नों का डाले गए मतों से मिलान कर प्रक्रिया की पुष्टि की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं और दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक कार्रवाई पारदर्शी, निष्पक्ष और निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एफएलसी की कार्यवाही और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मच्छरों का बढ़ा प्रकोप, फॉगिंग कराने की उठी मांग

मच्छर जनित रोगों से बचाव के सभी उपाय हवा हवाई

विनय कुमार गुप्ता।

रुद्रपुर देवरिया। मौसम में बदलाव के साथ ही रुद्रपुर एवं मदनपुर में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। मच्छरों के आतंक से लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। वहीं, मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को लेकर की जा रही तैयारियों की भी पोल खुलती नजर आ रही है। कई दिनों तक हुई बारिश के बाद धूप निकलते ही मच्छरों का प्रकोप दिन में भी दिखाई देने लगा है। नगर में मच्छरों की बढ़ती संख्या से लोग डेंगू, मलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित बीमारियों को लेकर चिंतित हैं। बारिश के बाद जगह-जगह जलभराव और नमी के कारण मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ गई है। इसके बावजूद नगर में अभी तक फॉगिंग की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई है। मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर पंचायत को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। न तो स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता और बचाव को लेकर विशेष सक्रियता दिखाई दे रही है और न ही नगर पंचायत मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए ठोस कदम उठाती नजर आ रही है।

घूरपुर पुलिस का विशेष अभियान शुरू नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा



घूरपुर। थाना घूरपुर पुलिस नवंबर माह को यातायात के रूप में मनाते हुए कमिश्नरेट प्रयागराज सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग एवं जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। थाना परिसर सहित क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और बाजारों में पुलिस टीम ने वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की हिदायत दी। वहीं बिना हेलमेट तीन सवारी बैठाकर चलने और वैध कागजात के बिना वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ई-चालान सहित आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की गई। अभियान में प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह उपनिरीक्षक आशुतोष सिंह उपनिरीक्षक विशाल चौहान कांस्टेबल दीपक कुमार कांस्टेबल मनोज सिंह यादव, महिला कांस्टेबल प्रज्ञा शुक्ला एवं रिजर्व महिला कांस्टेबल सुषमा यादव सहित पुलिस टीम मौजूद रही। घूरपुर पुलिस का यह अभियान सड़क सुरक्षा के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

विद्यालय का ताला तोड़कर 2.50 लाख के कंप्यूटर उपकरण चोरी, मचा हड़कंप



कृष्णानंद मिश्र मधुबनी

पश्चिमी चंपारण बगहा अनुमंडल के मधुबनी प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय पकड़ीहवा दौनहा में चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर करीब 2.50 लाख रुपये मूल्य के कंप्यूटर उपकरण समेत अन्य सामान चोरी कर लिए। घटना रविवार की रात की बताई जा रही है। सोमवार की सुबह चोरी की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने विद्यालय के मुख्य गेट का ताला काटने के बाद कंप्यूटर कक्ष को निशाना बनाया। चोर वहां से पांच मॉनिटर, दो सीपीयू, दो माउस और एक टेबल घड़ी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 2.50 लाख रुपये आंकी गई है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दिव्या द्विवेदी ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 8:30 बजे विद्यालय की देखरेख में तैनात रात्रि प्रहरी सुकई राम ने फोन कर चोरी की सूचना दी। इसके बाद विद्यालय पहुंचकर जांच की गई तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला और कंप्यूटर कक्ष से उपकरण गायब थे। घटना की सूचना मिलने पर मधुबनी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुंदन कुमार विद्यालय पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाध्यापिका से घटना की जानकारी ली। इस संबंध में धनहा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष ने दी जानकारीः धनहा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में चोरी के संबंध में प्रधानाध्यापिका की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवालः विद्यालय में चोरी की इस घटना के बाद शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में रात के समय सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम होना चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष बनीं डॉ. निधि सिंह



इंडिपेंडेंट भारत

ब्यूरो,कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति के गठन में डॉ. निधि सिंह को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन से समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं में उत्साह है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उनसे संगठन को मजबूत करने और महिलाओं को पार्टी से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद की जा रही है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति की घोषणा जिला अध्यक्ष रूपम राय ने प्रदेश और क्षेत्रीय नेतृत्व तथा भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय की संस्तुति के बाद की। घोषित कार्यसमिति में कुल 44 पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें डॉ. निधि सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. निधि सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने को महिला मोर्चा के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिला महिला मोर्चा की घोषित कार्यसमिति में आठ जिला उपाध्यक्ष, तीन जिला महामंत्री, आठ जिला मंत्री, एक जिला कोषाध्यक्ष, दो सह कोषाध्यक्ष, एक कार्यालय मंत्री, दो सह कार्यालय मंत्री, एक मीडिया संयोजक, दो मीडिया सह संयोजक, एक सोशल मीडिया संयोजक, दो सोशल मीडिया सह संयोजक, एक आईटी संयोजक, दो आईटी सह संयोजक और दस सदस्यों को शामिल किया गया है। डॉ. निधि सिंह के जिला उपाध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

..क्या खाकी में अनुशासन कम पड़ रहा या, अधिकारियों का नियंत्रण कमजोर हुआ, पुलिस बूथ में होमगार्ड जवान का साथी के साथ शराब पीते वीडियो हुआ वायरल

देवरिया। ..क्या जिले में पुलिस का अनुशासन कमजोर पड़ रहा है या फिर पुलिसकर्मियों पर अधिकारियों का नियंत्रण कम होता जा रहा है? इन दिनों ऐसे सवाल चर्चा में हैं। ताजा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरपाती चौराहे का है, जहां बने पुलिस बूथ के अंदर एक पुलिसकर्मी का अपने साथी के साथ शराब पीते हुए वीडियो सामने आया है। वीडियो ने पुलिस महकमे की कार्यशैली और अनुशासन व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस पुलिस बूथ में बैठकर पुलिसकर्मियों को आमजन की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए, उसी बूथ के अंदर शराब पीने का वीडियो सामने आना गंभीर मामला है। पुलिस की वर्दी और जिम्मेदारी से जुड़े इस तरह के मामले महकमे की छवि को भी प्रभावित करते हैं।

कुशीनगर में ट्रेलर-ईको वैन की भीषण टक्कर, छह की मौत, दो घायल

मुख्यमंत्री ने जताया शोक, घायलों के समुचित इलाज के निर्देश



साजिद अंसारी/इंडिपेंडेंट भारत

कुशीनगर। जिले में सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई,जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हाटा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-28 पर ट्रेलर और मारुति ईको वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार आठ लोग अंदर ही फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर की मदद से वैन को काटकर लोगों को बाहर निकाला। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दोनों बच्चों की गंभीर हालत देखते हुए गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

तिलक समारोह से लौटते समय हुआ हादसा : जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भलुही गांव निवासी रामबिलास प्रसाद (65) अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ हाटा कोतवाली क्षेत्र के देवराज पिपरा गांव में एक रिश्तेदार के तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। समारोह में शामिल होने के बाद सभी लोग सोमवार रात ईको वैन से घर लौट रहे थे। वैन में कुल आठ लोग सवार थे। वाहन गांव के ही मिथिलेश गुप्ता चला रहे थे। उनके साथ रामबिलास प्रसाद, उनके दोनों बेटे कन्हैया प्रसाद और राममिलन, पड़ोसी मृदुल मिश्रा तथा भतीजे रंजय गुप्ता भी थे। दोनों बच्चों आयुष और आर्यन को भी परिवार के लोग साथ लेकर जा रहे थे। रात करीब 11:30 बजे हाटा-पिपराइच मार्ग पर थरूआडीह गांव के पास उनकी वैन सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 46 किलोमीटर दूर हुआ।

छुट्टी पर घर आए थे सीआरपीएफ जवान : हादसे में जान गंवाने वाले रंजय गुप्ता सीआरपीएफ में जवान थे। उनकी तैनाती छत्तीसगढ़ में थी और वह दशहरे की छुट्टी पर घर आए थे। छुट्टियां समाप्त होने के बाद उन्हें पांच नवंबर को वापस ड्यूटी पर जाना था। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। वहीं, मृदुल मिश्रा (35) किसान थे। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। वैन चालक मिथिलेश गुप्ता अविवाहित थे और चौराहे पर चाउमीन व बर्गर का ठेला लगाते थे। उनके पास ईको कार भी थी, जिसे वह बुकिंग मिलने पर चलाते थे।

मुख्यमंत्री ने जताया शोक,घायलों के समुचित इलाज के निर्देश : हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने और मृतकों के परिजनों से संवाद कर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

नितिन नवीन के गोरखपुर आगमन की तैयारी में जुटी भाजपा, रुद्रपुर से जाएंगे हजारों कार्यकर्ता



विनय कुमार गुप्ता।

रुद्रपुर देवरिया। विकासखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में चार नवंबर, बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के गोरखपुर आगमन पर उनके स्वागत की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री अजय कुमार दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के गोरखपुर में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। जनपद के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से पांच हजार से अधिक कार्यकताओं को कार्यक्रम में ले जाने की योजना है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों और पार्टी पदाधिकारियों से अभी से तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का गोरखपुर में स्वागत किया जाएगा। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बैठक में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, सुनील निषाद, ऋषि सिंह, विशाल द्विवेदी, संगम धर द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष जय बहादुर गौतम, जिला मंत्री माया विश्वकर्मा, उदय भान सिंह, राम संतोष शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, अंशुल त्रिपाठी, बृजेश त्रिपाठी, दिग्विजय सिंह, इंजीनियर सुशील चंद्र गुप्त सहित विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामकोला में पुलिस मुठभेड़, गो-तस्कर के पैर में लगी गोली, दो गिरफ्तार



इंडिपेंडेंट भारत

कुशीनगर। रामकोला थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर के पैर में गोली लग गई, जबकि उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, बोलेरो, एक बछड़ा और 1856 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, रगड़गंज बैरियर तोड़कर भाग रही बोलेरो की सूचना पर रामकोला पुलिस, पडरौना कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने धर्मसमदा मंदिर के पास घेराबंदी की। संदिग्ध बोलेरो को रोकने के दौरान एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में सदरे आलम उर्फ छोटू निवासी हरिहर छपरा, पडरौना के पैर में गोली लग गई। उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं, फरार दूसरे आरोपी अली खान को भी कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने कई वर्षों से गो-तस्करी में शामिल होने की बात बताई। पुलिस के मुताबिक, वे बोलेरो की बीच और पीछे की सीटें हटाकर उसमें गोवंशीय पशुओं को लादते थे, ताकि वाहन सामान्य सवारी गाड़ी जैसा दिखाई दे। पुलिस ने 315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, बोलेरो संख्या यूपी 21 एई 2796, नकदी और बछड़ा बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ रामकोला थाने में बीएनएस, गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, घायल सदरे आलम के खिलाफ कुशीनगर और गोरखपुर में चोरी, मारपीट, गोवध, पशु क्रूरता, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। दूसरे आरोपी अली खान का भी आपराधिक इतिहास है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक सिंह, रामकोला थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह, पडरौना कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्यामलाल निषाद, उपनिरीक्षक सुशील चौरसिया, साहबलाल यादव, नागेंद्र चौहान और श्रवण कुमार तथा कांस्टेबल शैलेश यादव, जितेंद्र यादव, चंदन कुमार, हिमांशु सोनकर और अभिषेक यादव प्रथम व कांस्टेबल इंद्रजीत यादव शामिल रहे।

डीएम ने एआरटीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, दलालों के प्रवेश पर रोक के निर्देश



इंडिपेंडेंट भारत

ब्यूरो,कुशीनगर। जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को एआरटीओ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय की व्यवस्था सुधारने, आमजन के कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ड्राइविंग लाइसेंस में संशोधन कराने आए एक युवक से टेस्टिंग ट्रैक पर दोपहिया वाहन चलवाकर उसकी ड्राइविंग दक्षता परखी। उन्होंने युवक से यातायात नियमों, हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग और इंडिकेटर के सही उपयोग के बारे में जानकारी ली तथा सुरक्षित वाहन संचालन के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने सारथी हॉल का निरीक्षण कर लाइसेंस बनवाने आए आवेदकों से संवाद किया और कार्यालय की सुविधाओं के बारे में उनकी प्रतिक्रिया जानी। विभिन्न पटलों पर लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उन्होंने समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए। साथ ही दलालों और अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा प्रभावी निगरानी रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पवन कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

त्योहारों को लेकर प्रशासन ने की बैठक, व्यवस्था व सुरक्षा को दिए निर्देश

एसडीएम ने कहा त्योहारों को सौहार्द के बीच मनाये, शासन की गाइडलाइन का हो पालन



विनय कुमार गुप्ता

रुद्रपुर देवरिया। सोमवार को कोतवाली थाना परिसर में त्योहारों को लेकर के बैठक आयोजित हुई जिसमें दीपावली लक्ष्मी पूजा मूर्ति विसर्जन छठ त्यौहार को लेकर के सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिशा निर्देश दिए गए। एसडीएम राजकुमार गुप्ता ने कहा कि लोक आस्था के दीपावली एवं छठ पर्व को परंपरागत रूप से शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। त्योहारों के दौरान साफ-सफाई और मूर्ति पूजा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए शासन की गाइडलाइन का पालन करें। उन्होंने 10 नवंबर को होने वाले मूर्ति विसर्जन के दौरान घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी कल्याण सिंह सागर ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन करना अनिवार्य है। धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में होने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। बाजार में बड़े वाहनों और ई-रिक्शा के संचालन को नियंत्रित किया जाएगा। नगर पंचायत के ईओ नितेश गौरव ने छठ पूजा को लेकर बथुआ रिवर फ्रंट सहित सभी घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही।

संक्षिप्त समाचार

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

खमरिया (खीरी)। ईसानगर बाजार मार्ग पर शनिवार को बाइक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर में बिरसिंहपुर निवासी संदीप कुमार (28) पुत्र महादेव गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के ईएमटी सार्थक शुक्ला और पायलट लवकुश कुमार ने घायल को प्राथमिक उपचार देते हुए सीएचसी खमरिया पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। संदीप बाइक से मूसेपुर जा रहे थे, तभी ईसानगर बाजार के पास सामने से आ रहे ऑटो से उनकी टक्कर हो गई।

स्टाफ नर्स पर लापरवाही से नवजात की मौत का आरोप

धौरहरा (खीरी)। ईसानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद नवजात की मौत के मामले में बिलौली निवासी सोहित अवस्थी ने स्टाफ नर्स रीता समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अक्टूबर की रात गर्भवती पत्नी को लेकर वह पीएचसी पहुंचा था। नर्स को दिखाई गई अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में बच्चे की गर्दन में नाल फंसी होने की जानकारी थी। आरोप है कि इसके बावजूद उचित उपचार नहीं दिया गया। 29 अक्टूबर की सुबह प्रसव के बाद नवजात की मौत हो गई। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

मेगा विधिक शिविर में हजारों लाभार्थी लाभान्वित

लखीमपुर खीरी। राजकीय आईटीआई राजापुर में आयोजित मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में 1,798 लोगों ने प्रतिभाग किया, जबकि 1,238 पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व व्हीलचेयर, किसानों को बीज और श्रमिकों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

लुधियाना से बरामद हुआ लापता किशोर

बांगरमऊ, उन्नाव। घर से लापता हुए नाबालिग को पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पंजाब के लुधियाना से सकुशल बरामद कर लिया। किशोर के इंस्टाग्राम पर दोस्त से बातचीत करने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस को उसकी लोकेशन का सुराग मिला। पुलिस के अनुसार, विवेक पुत्र महादेव निवासी आशायस, हाल निवासी न्यू कटरा बांगरमऊ ने 28 अक्टूबर को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उनका नाबालिग पुत्र 27 अक्टूबर की शाम घर से लापता हो गया है। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कराई। सीसीटीवी फुटेज में किशोर नानामऊ तिराहा और लखनऊ चौराहे पर अकेले जाता दिखाई दिया। जांच में इंस्टाग्राम पर दोस्त से बातचीत का पता चला। सर्विलांस की मदद से उसकी लोकेशन लुधियाना में मिली। इस पर किशोर के चाचा को वहां भेजकर उसे सकुशल बरामद कराया गया। किशोर के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली।

एनएमएमएस परीक्षा में 371 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

उन्नाव। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा रविवार को जिले के नौ केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत 2426 परीक्षार्थियों में 2055 शामिल हुए, जबकि 371 अनुपस्थित रहे। सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक हुई परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई। परीक्षा में कक्षा आठ के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। दो प्रश्नपत्रों के माध्यम से उनकी मानसिक योग्यता (मैट) और शैक्षिक अभिरुचि (सैट) का आकलन किया गया। दोनों प्रश्नपत्र 90-90 अंकों के थे। इस तरह परीक्षा कुल 180 अंकों की कराई गई। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को कक्षा नौ से 12 तक की पढ़ाई के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये छात्रवृत्ति मिलेगी।

सांगठनिक कार्यों से बूथ मजबूत करेगी भाजपा

- 3 को लखनऊ में विपक्ष के खिलाफ भरेगी हुंकार
- दीपावली के बाद संगठन को धार देने की तैयारी



कार्यकारिणी के साथ बैठक करते जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी

■ उन्नाव।

दीपावली के बाद भाजपा संगठन पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगा। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने से लेकर नए मतदाताओं को जोड़ने तक 45 सांगठनिक कार्यों को धरातल पर उतारने की रणनीति तैयार की गई है। वहीं, विपक्ष के कथित दुष्प्रचार और अराजकता के विरोध में तीन नवंबर को उन्नाव से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता लखनऊ कूच करेंगे। वहां लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत आयोजित विशाल पैदल मार्च में शामिल होंगे।

भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में प्रदेश कार्यसमिति के एजेंडे पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को पांच प्रमुख प्राथमिकताओं के साथ संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद पदाधिकारी बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाएंगे। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं के बीच संवाद, मंडल और जिला स्तर पर नियमित बैठकें तथा संगठन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। युवा, महिला, उद्यमी और नए मतदाताओं के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। मतदाता सूची में युवाओं और महिलाओं के नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन फार्म-6 भरवाने का अभियान भी तेज किया जाएगा। प्रदेश कार्यसमिति के निर्धारित 45 सांगठनिक कार्यों को बूथ स्तर तक लागू करने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष भ्रामक प्रचार से प्रदेश के विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। इसके विरोध में तीन नवंबर को लखनऊ में होने वाले पैदल मार्च में उन्नाव की प्रभावी भागीदारी रहेगी। बैठक में जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, रजनीश वर्मा, कुश सिंह,मनीष जायसवाल समेत जिला पदाधिकारी और मोर्चों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकत्रित पत्रकार

रामनिवास अध्यक्ष और सत्यम शुक्ला बने महामंत्री

स्वदेश समाचार, मोहम्मदी (लखीमपुर-खीरी)। राष्ट्रीय एकता दिवस पर मोहम्मदी के दीनदयाल पुरम में ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) का समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र को मजबूत बनाने और जनसमस्याओं को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संगठन पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पत्रकारों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। समारोह में ऐप्जा की मोहम्मदी तहसील इकाई का गठन कर रामनिवास दीक्षित को अध्यक्ष और सत्यम शुक्ला को महामंत्री बनाया गया। देव रंजन मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अतुल मिश्रा तहसील प्रभारी, महेश श्रीवास्तव संयोजक, अखिलेश गुप्ता कोषाध्यक्ष और रिजवान सिद्दीकी मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए। अन्य सदस्यों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा 'कन्हैया' और ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई ने पत्रकारों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। संचालन गोपाल तिवारी ने किया। इस दौरान अतिथियों और पत्रकारों को बैज अलंकरण एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

बकाया एरियर व नियमितीकरण को लेकर अनुदेशकों का अनशन जारी

■ मोहम्मदी खीरी।



बकाया एरियर भुगतान और नियमितीकरण की मांग को लेकर परिषदीय स्कूलों में कार्यरत अनुदेशकों ने रविवार को अंबेडकर पार्क में नौवां क्रमिक अनशन किया। प्रदेश महासचिव शचीन्द्र नारायण दीक्षित के नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार रामबालक को सौंपा गया।

प्रदेश महासचिव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के चार फरवरी के लिखित आदेश के बावजूद आठ माह बीतने पर भी वर्ष 2017 से लंबित एरियर का भुगतान नहीं हुआ है।

अनुदेशक 14 वर्षों से नियमित शिक्षकों की तरह कार्य कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनका नियमितीकरण नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक क्रमिक अनशन जारी रहेगा।

इस दौरान पल्लवी शुक्ला, सोनी, मालविका गुप्ता, राजीव कुमार, सुधीर श्रीवास्तव, अमित अवस्थी, रजनीश, योगराज, प्रतीक तिवारी, नरेंद्र पाल, संजीव पाल, कुलसुम जहां, रीना और कल्याण सिंह सहित अनुदेशक मौजूद रहे।

अधूरी सड़क बनी परेशानी का कारण

- धर्मापुर-कोलवा फार्म मार्ग पर बिखरी गिट्टी बनी मुसीबत, ग्रामीणों का पैदल निकलना भी मुश्किल

■ निघासन खीरी।



अधूरी सड़क को लेकर आक्रोश जताते स्थानीय ग्रामीण

धर्मापुर से कोलवा फार्म को जोड़ने वाली सड़क नौ महीने से अधूरी पड़ी है। निर्माण के नाम पर सड़क पर पत्थर डालकर छोड़ दिए गए हैं। इससे ग्रामीणों का पैदल चलना और दोपहिया वाहनों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। लोक निर्माण विभाग की इस कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने जल्द निर्माण पूरा कराने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाई जा रही 3.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क की लागत 3.43 करोड़ रुपये है। सड़क पर लगा शिलान्यास बोर्ड इसकी गवाही दे रहा है, लेकिन नौ महीने बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो सका। सड़क पर बिखरे पत्थर आए दिन हादसों का खतरा बने हुए हैं। किसान दिलेर सिंह ने बताया कि कोलवा फार्म जाने के लिए यही एकमात्र रास्ता है, जो पलिया-निघासन स्टेट हाईवे से जुड़ता है। इस इलाके में बाघों की आवाजाही भी बनी रहती है। वन विभाग ने सड़क किनारे पेड़ों पर ट्रैप कैमरे लगा रखे हैं। ऐसे में खराब रास्ते से गुजरना ग्रामीणों के लिए दोहरी परेशानी बना हुआ है। ग्रामीण साहब सिंह, सतनाम सिंह, गुरप्रीत सिंह, गया सिंह, जनरूप सिंह, गुरजीत सिंह, बलजीत सिंह और अजायब सिंह ने विभागीय अधिकारियों से जल्द सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की है।

सवाल पर जेई ने दी एफआईआर की धमकी

निर्माण में देरी को लेकर अवर अभियंता पीके सरोज से जानकारी मांगी गई तो आरोप है कि उन्होंने सवालों का जवाब देने के बजाय एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी। वहीं, अधिशासी अभियंता अनिल यादव से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। ऐसे में निर्माण में देरी और ग्रामीणों की परेशानी पर विभाग का पक्ष सामने नहीं आ सका।

तरुष की मौत पर उठे सवाल

■ उन्नाव।

गंगा नदी में कार समेत लापता हुए सफीपुर के जूता-चप्पल व्यवसायी पप्पू गौड़ के पुत्र तरुष गौड़ की मौत का मामला लगातार उलझता जा रहा है। करीब 25 घंटे बाद घटनास्थल से छह किलोमीटर दूर कानपुर देहात के चौबेपुर थाना क्षेत्र स्थित बंदी माता घाट के पास उसका शव बरामद हुआ था। शव की स्थिति और घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला हादसा है या हत्या, पुलिस इसकी जांच में जुटी है।



मृतक तरुष का फाइल फोटो

परिजनों के मुताबिक शव मिलने के समय तरुष के शरीर पर केवल अंडरगारमेंट था, बाकी कपड़े गायब थे। घुटनों तक पानी में मिले शव की स्थिति को लेकर भी परिजनों ने संदेह जताया है। पिता पप्पू गौड़ ने फतेहपुर चौरासी थाने में तहरीर देकर लखनऊ निवासी तीन युवकों, क्षेत्र की एक युवती और दो अज्ञात लोगों पर अपहरण व हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने लखनऊ में करोड़ों की जमीन के संपत्ति विवाद को हत्या की वजह बताया है। मामले में युवती से तरुष के कथित विवाद और शादी का दबाव बनाने के साथ ब्लैकमेलिंग की चर्चाएं भी सामने आई हैं। वहीं लखनऊ स्थित दुकान पर काम करने वाले मुनीम शिवशंकर राजपूत की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

आरोप है कि नौकरी से निकाले जाने के बाद तरुष ने उसे दोबारा काम पर रखा था और घटना के दिन वह उसके साथ था। उधर, रविवार शाम करीब छह बजे हैलेट अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद तरुष का शव सफीपुर स्थित आवास पहुंचा तो कोहराम मच गया। मां शुभा, बहन नूपुर और पिता पप्पू गौड़ का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। लोगों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। अब पुलिस जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों से ही मौत की असल वजह सामने आने की उम्मीद है।

सच्ची श्रद्धा से प्रसन्न होते हैं शिव

- उन्नाव में दूसरा कुबेर धाम बनाने की उम्मीद

■ उन्नाव।

ग्राम गौरी में आयोजित शिवदीप महाशिवपुराण कथा के तीसरे दिन रविवार को कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव की आराधना का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि विधाता भले ही व्यक्ति का भाग्य लिखते हैं, लेकिन उसे बदलने की शक्ति भगवान शिव में है। प्रदोष काल में शिवलिंग पर जल चढ़ाकर दीपक जलाने वाले भक्त को वह भी प्राप्त हो सकता है, जो उसके भाग्य में नहीं लिखा है।

पंडित मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव की पूजा के लिए महंगी सामग्री की आवश्यकता नहीं होती। श्रद्धा और विश्वास के साथ अर्पित किया गया एक लोटा जल ही पर्याप्त है। भगवान शिव भक्तों की सच्ची श्रद्धा से प्रसन्न होते हैं। नियमित रूप से शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से जीवन की परेशानियों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि सुबह की पूजा से सुख की प्राप्ति और दोपहर की पूजा से पापों का नाश होता है।



प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

कथा के दौरान उन्होंने उन्नाव में दूसरा कुबेर धाम बनने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि उन्नाव के लोगों पर भगवान शिव की विशेष कृपा है। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक श्रीकांत कटियार, अमितेश सिंह नंदू, सौरभ सिंह और नीरज यादव सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लिया।

जो विचलित है, वही व्यस्त है

आधुनिक जीवनशैली पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि आज लोग मोबाइल में व्यस्त रहते हैं और खुद को भी व्यस्त बताते हैं। वास्तव में जो व्यक्ति विचलित रहता है, उसी के पास समय की कमी होती है। जो थोड़ा समय भी भगवान शिव को समर्पित करता है, वह कभी व्यस्त नहीं रहता। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से शिव आराधना के लिए समय निकालने की अपील की।

पीईटी के आखिरी दिन दोनों पालियों में 2538 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

उन्नाव। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के आखिरी दिन रविवार को विज्ञान और गणित के सवालों ने अभ्यर्थियों को खूब उलझाया। विज्ञान के प्रश्न जहां कठिन रहे, वहीं गणित के सवाल हल करने में भी अभ्यर्थियों को परेशानी हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों के चेहरों पर कठिन प्रश्नों को लेकर निराशा दिखी। रविवार को शहर के 14 केंद्रों पर दोनों पालियों में कुल 9072 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 6534 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2538 अनुपस्थित रहे। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक पहली पाली में 4536 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 3271 उपस्थित और 1265 अनुपस्थित रहे। वहीं, दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक दूसरी पाली में 3263 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1273 गैरहाजिर रहे। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए केंद्रों पर कड़ी निगरानी रही। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक और फेस स्कैनिंग कराई गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था रही। भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

मातृशक्ति को सशक्त बनाने में जुटी सरकार : मनोज पांडे



नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ मंत्री मनोज पांडेय

- मंत्री ने किया तीन दिवसीय सरस मेले का शुभारंभ

■ रायबरेली।

रिफॉर्म क्लब मैदान में रविवार को तीन दिवसीय जनपद स्तरीय सरस मेले का खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्टॉलों का निरीक्षण कर उनके उत्पादों की सराहना की।

इस दौरान बच्चों का अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और पराली न जलाने के प्रति जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। मंत्री ने ऊंचाहार क्षेत्र की 30 नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी दिए।

मंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम में सीडीओ अंजूलता, सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शुक्ला, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, परियोजना निदेशक मुनेश चंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

निराला प्रेक्षागृह में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

पात्र लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

- डीएम ने की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों की सराहना

■ उन्नाव।

निराला प्रेक्षागृह सभागार में रविवार को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित शिविर में पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में डीएम घनश्याम मीना और एसपी जयप्रकाश सिंह मौजूद रहे।



कार्यक्रम का शुभारमं करते जिला जज सतेन्द्र कुमार

शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण और श्रम समेत 25 से अधिक विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। पात्र लाभार्थियों को पेंशन, आयुष्मान कार्ड, सिलाई मशीन, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व छड़ी, मत्स्य पालकों को आइस बॉक्स युक्त मोपेड और खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरित की गई। मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना और कन्या विवाह सहायता योजना के लाभार्थियों को धनराशि भी दी गई। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। जनपद न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार ने कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि आम आदमी तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से विवादों का निस्तारण कराने की अपील की। जरूरतमंद 15100 हेल्पलाइन पर फोन कर 24 घंटे निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। 12 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में भी वादों का निस्तारण कराने की अपील की।

डीएम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि उनके बनाए दीयों का अयोध्या के दीपोत्सव में इस्तेमाल होने से जिले का मान बढ़ेगा। उन्होंने महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने और युवाओं से मुख्यमंत्री युवा विकास योजना के तहत स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान बालिकाओं ने नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

मैराथन में माही, प्रिया और शिवांशी ने मारी बाजी

रायबरेली। ऐहार गांव में रविवार को आयोजित सातवीं विशाल मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में धावकों ने पूरे जोश और जुनून के साथ दमखम दिखाया। सात किलोमीटर की दौड़ में बालक और बालिका वर्ग के 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बीच बालिका वर्ग में माही यादव, प्रिया और शिवांशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं बालक वर्ग में नागेश, गौरव पाल और फौजी ने बाजी मारते हुए क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में युवाओं के साथ युवतियों का उत्साह भी देखने लायक रहा। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया। आयोजकों की ओर से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। आयोजक राजेश फौजी ने बताया कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं में शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले सात वर्षों से लगातार इस मैराथन का आयोजन किया जा रहा है।

बच्चों को वाहन चलाने से रोकें अभिभावक : एसपी

- पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

■ रायबरेली।



प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी रवि कुमार

यातायात माह नवंबर का शुभारंभ रविवार को पुलिस लाइन में किया गया। इस दौरान एसपी रवि कुमार ने यातायात जागरूकता अभियान के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि पूरे महीने जिलेभर में अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

एसपी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। प्रचार वाहन जिले के प्रमुख मार्गों, चौराहों, कस्बों और बाजारों में पहुंचकर लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करेगा। इसके माध्यम से सुरक्षित वाहन संचालन के लिए जरूरी जानकारियां भी दी जाएंगी।

उन्होंने लोगों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने और पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की। साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने और अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने की सलाह दी। एसपी ने कहा कि नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें और एंबुलेंस सहित आपातकालीन वाहनों को रास्ता दें। यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। इस दौरान पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर सामाजिक समरसता पर्व एवं विचार गोष्ठी आयोजित



महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर आयोजित सामाजिक समरसता पर्व एवं विचार गोष्ठी में उपस्थित अतिथि।

बुलन्दशहर। राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में शेल्टन होटल में सामाजिक समरसता पर्व एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री रघुराज प्रताप सिंह, सामाजिक समरसता के प्रांतीय प्रमुख संयोजक यशवीर सोलंकी, सेवा भारती प्रमुख सतीश उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव राम मकवाना रहे। इस दौरान समाज में समरसता और आपसी सद्भाव के महत्व पर विचार रखे गए। कार्यक्रम में विनय मकवाना, राजेंद्र अग्रवाल, भगवान दास सिंघल, बृजेश गर्ग, दीप्ति मित्तल सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

दो भाइयों समेत पांच जुआरी और एक सटोरिया गिरफ्तार

शिकारपुर। अहमदगढ़ थाना पुलिस ने जुआ खेलते पांच लोगों और सट्टे की खाईबाड़ी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों में दो सगे भाई भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते, सट्टा पर्ची और नकदी बरामद की है। थाना प्रभारी के अनुसार, किले वाले मोहल्ले में बादाम के घर के पास खाली प्लॉट से आमिर, शमशाद, आकाश, कालू और शिवकुमार को जुआ खेलने के आरोप में पकड़ा गया। वहीं, दारापुर रोड स्थित नहर पटरी से आरिफ को सट्टे की खाईबाड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आकाश और कालू सगे भाई हैं।

पुलिस की निगरानी में संपन्न हुई पीईटी परीक्षा

शिकारपुर। रविवार को इंटर कॉलेज जटपुरा मुकीमपुर में पीईटी परीक्षा कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। सीओ शिकारपुर दीपक कुमार तिवारी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने और परीक्षार्थियों को प्रतिबंधित सामग्री व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ प्रवेश न देने के निर्देश दिए।

दिल्ली महारैली के लिए शिकारपुर से रवाना हुए कांग्रेसी और सपाई



दिल्ली महारैली में शामिल होने रवाना होने से पहले बस के सामने नारेबाजी करते कांग्रेसी।

शिकारपुर। दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को आयोजित महारैली में शामिल होने के लिए रविवार को शिकारपुर से कांग्रेस और सपा कार्यकर्ता रवाना हुए। बालाजी मंदिर से कांग्रेसियों का जत्था बस से दिल्ली गया। रवाना होने से पहले कांग्रेसियों ने नारेबाजी की। वहीं, सपा कार्यकर्ता पूर्व ब्लॉक प्रमुख भगवत सिंह उर्फ पिंटू प्रमुख के नेतृत्व में महारैली में शामिल होने रवाना हुए।

यातायात माह का आगाज, एसएसपी ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

बुलन्दशहर। यातायात माह के शुभारंभ पर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के तहत एनसीसी के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। रैली शहर के प्रमुख चौराहों से होकर गुजरी। पुलिस ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने की अपील की। साथ ही शराब पीकर वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

भारत विकास परिषद ने धूमधाम से मनाया दीपोत्सव

औरंगाबाद। भारत विकास परिषद गौरव शाखा बुलंदशहर की ओर से शैल्टन होटल में दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। शुभारंभ शाखा अध्यक्ष विजय गर्ग ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में दीप सज्जा, कंडील सज्जा व युगल प्रतियोगिताओं के साथ गीत-संगीत, नृत्य और आतिशबाजी ने समां बांध दिया। विजेताओं व प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न और उपहार देकर सम्मानित किया गया। मनीष मांगलिक ने पंचपर्व के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन संजय गोयल ने किया। अध्यक्ष विजय गर्ग, सचिव केडी गुप्ता, कोषाध्यक्ष दुष्यंत मांगलिक और महिला सहभागिता प्रमुख मानसी गर्ग ने आभार जताया। वंदेमातरम् के साथ समारोह का समापन हुआ।

अनाथ वृद्धजनों की सेवा से मिलती है आत्मिक शांति

औरंगाबाद। समाजसेवी जवाहर लाल सैनी ने रविवार को साथियों के साथ जहांगीराबाद स्थित आवासीय वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को भोजन कराया और जरूरतमंदों को आवश्यक दवाएं वितरित कीं। उन्होंने मटर-पनीर, पूरी, खीर और मिक्स वेज सलाद सहित स्वादिष्ट भोजन अपने हाथों से परोसा। वृद्धजनों की स्वास्थ्य समस्याएं जानकर दवाओं की व्यवस्था भी की। जवाहर लाल सैनी लंबे समय से सेवा कार्यों में जुटे हैं। इस दौरान कर्मवीर भड़ाना, हरवीर चौधरी, विजेंद्र लोधी, कौशिक सैनी, कुश शर्मा, नूतन सैनी, कुणाल अग्रवाल, निमिष सैनी, प्रमोद सैनी, रवि सैनी और पवन थोर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नोएडा की तर्ज पर विकास कराना प्राथमिकता-अनिल गुप्ता



अपनी प्राथमिकताओं की जानकारी देते अनिल कुमार गुप्ता।

जहांगीराबाद। अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र-67 से भाजपा के भावी उम्मीदवार अनिल कुमार गुप्ता ने रविवार को मोहल्ला पाठक स्थित सेठ जमना प्रसाद धर्मशाला में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि भाजपा हाईकमान और जनता ने अवसर दिया तो क्षेत्र का विकास नोएडा की तर्ज पर कराने का प्रयास करेंगे। रोजगार के नए अवसर, बेहतर आवास और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने ईंट-भट्ठों और चीनी मिलों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कही। इस दौरान नवीन बंसल, राजीव अग्रवाल, डिम्पल अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

90 करोड़ रुपये पाकर खिलखिलाईं स्वयं सहायता समूह की दीदियां

बुलन्दशहर। दिल्ली रोड स्थित आईपी कॉलेज कैंपस-2 में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया गया। जिला जज संजय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। शिविर में करीब आठ हजार लाभार्थियों को लगभग 200 करोड़ रुपये की विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर का मुख्य आकर्षण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 90 करोड़ 43 लाख रुपये का चेक सौंपना रहा। इसके अलावा पात्र लाभार्थियों को छात्रवृत्ति, पेंशन, आवास, कन्या सुमंगला, उज्ज्वला और आयुष्मान योजनाओं के लाभ दिए गए। दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण, बच्चियों को लैपटॉप, किसानों को ट्रैक्टर तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी कराई गई। कार्यक्रम में एसएसपी दिनेश कुमार सिंह सहित न्यायिक अधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और पौधारोपण भी किया।

दो बच्चे लापता, नहीं लगा कोई सुराग

- शनिवार की सुबह साढे आठ बजे से लापता हैं बच्चे
- डॉग स्क्वायड भी नही कर सका मदद, परिजन परेशान

खैर।

अहोई अष्टमी से एक दिन पूर्व लापता दो बच्चों का कोई सुराग नही लग सका है। दोनों बच्चों के अचानक लापता हो जाने के मामले में परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। रविवार को डॉग स्क्वायड ने घर का मौका मुआयना किया। वहीं पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। लेकिन दूसरे दिन भी बच्चों का कोई सुराग नही लगने से परिजन परेशान है।

कस्बा पुलिस चौकी के पीछे मोहल्ला नदी वाला निवासी जितेन्द्र पुत्र धर्मवीर अपनी पत्नी के साथ प्रतिदिन कोल्ड पर मजदूरी करने जाते है। शनिवार को वह स्वंय काम पर चले गए तथा पत्नी घर पर मौजूद रही।



मोहल्ला नदी वाला में लापता बच्चों के कपडों की गंध सूंधकर आगे बढता डॉग स्क्वायड।

शनिवार की सुबह साढे आठ बजे उनका पुत्र नौ वर्षीय शिवम व सात वर्षीय कृष्णा घर के बाहर खेल रहे थे। काफी देर तक दोनों बापस नही आए तो मां ने आसपास मोहल्ले में तलाश किया वहीं शाम को मजदूरी से घर लौटे पति से भी बच्चों को तलाशकर लाने को कहा। किन्तु बच्चे नही मिले। रविवार की सुबह दम्पत्ति ने खैर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई।

सूचना पर सीओ अभिषेक पटेल, एसएचओ राजीव चौधरी मौके पर पहुंचे तथा जानकारी ली। बाद में डॉग स्क्वायड ने लापता बच्चों के कपडों की गंध सूंघकर सुराग की दिशा में पुलिस को रास्ता दिखाने का प्रयास किया किन्तु घटना को तीस घंटे बीत जाने के कारण खोजी कुत्ता पुलिस की कोई मदद नही कर सका। वहीं माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में एसएचओ राजीव चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरों खंगाल रही है। अन्य कई विन्दुओं पर भी जांच जारी है। जल्द ही बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

राजपुर में भिड़े दो पक्ष, सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

खैर।

सोफ चौकी के गांव राजपुर में जमीनी विवाद के चलते दो पक्ष आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों में हुई मारपीट में कई लोग चोटिल हो गए। दोनों पक्षों की ओर से हुई क्रॉस एफआईआर में सात लोगों को नामजद किया गया है।

राजपुर निवासी आमिर ने अकबर बारिश और आसिफ के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। आरोप है कि तीस अक्टूबर की दोपहर पिता यामीन पर नामजदों ने जानलेवा हमला किया था। बचाने पहुंची बहन फिज्रा, भाई यासीन को भी नामजदों ने मारपीट कर चोटिल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अकबर ने यामीन, यासीन, शाहरुख और आमिर पर रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए अभियोग दर्ज कराया है। खैर पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीओ अभिषेक पटेल के अनुसार जमीनी विवाद में दो पक्षों मे विवाद हुआ था। घायलों का डॉक्टरी परीक्षण करा दिया गया है। तहरीर पर दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। मामले में बैधानिक कार्रवाही की जाएगी।

किशोर लापता, पिता ने दर्ज कराया केस

खैर। खैर टेंटीगांव रोड स्थित गांव बिरौला से सत्रह वर्षीय किशोर बीती 29 अक्टूबर से लापता है। लापता किशोर के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज क राई गई है। बिरौला निवासी नरेश कुमार के अनुसार 29 अक्टूबर की सांय सत्रह वर्षीय पुत्र शेरू उर्फ बृजमोहन घर से कहीं चला गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नही मिला है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वकौल प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी युवक की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है।

महिला से मारपीट, तोड़ा कार का शीशा, रिपोर्ट दर्ज

खैर। अलीगढ रोड स्थित गांव अंडला में एक मकान में चल रहे कार्यक्रम में घुसकर नामजदों ने महिला से मारपीट की तथा जाते समय कार का शीशा तोड गए। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अंडला निवासी प्रमोद के अनुसार बीती तीस अक्टूबर को घर में बच्चे का जन्मदिवस कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। इसी बीच नामजद घर में घुस आए तथा छोटे भाई की पत्नी से मारपीट कर दी। फिर भी नामजदों को समझाकर बाहर कर आए। बाद में नामजदों ने घर के बाहर खडी कार का शीशा तोड दिया। पीडित की तहरीर पर अंडला निवासी हरिओम व योगेश के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर खैर राजीव चौधरी ने मामले में जांच कर कार्रवाही की बात कही है।

युवक से मारपीट में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

खैर। सोफ नहर पर बाइक मिस्त्री की दुकान पर बाइक की रिपेयरिंग करा रहे युवक के साथ तीन नामजद व चार अज्ञात लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में केस दर्ज कराया गया है। खेडा निवासी भूपेन्द्र सिंह तीस अक्टूबर की सांय सोफ नहर पर स्थित एक मैकेनिक की दुकान पर बाइक की रिपेयरिंग करा रहा था। लाठी, डंडा व तमंचा से मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट में युवक चोटिल हो गया। आरोप है कि बीती 18 अक्टूबर को भी नामजद गाली गलोंज कर चुके हैं शोरगुल सुनकर अन्य लोगों को आता हुआ देख नामजद जान से मारने की धमकी देकर व अपनी बाइक को छोडकर चले गए। तहरीर पर दिलीप, कुलदीप और सीपी एवं चार अन्य अज्ञात के खिलाफ कोतवाली खैर में मुकदमा इर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने मामले की जांच कराकर कार्रवाही की बात कही है।

सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार का निधन, शोक

खैर। ऐंचना निवासी सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार व तहसील खैर के वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रशेखर सारस्वत के पिता 81 वर्षीय बृजमोहन सारस्वत का नोएडा के निजी हास्पीटल में निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वह संग्रह अमीन, प्रशासनिक अधिकारी व नायब तहसीलदार रहे थे। उनके निधन की सूचना पर तहसील के अधिवक्ता, उनके रिश्तेदार व परिचित लोग गांव पहुंचे तथा शोक संवेदना व्यक्त की। गांव में ही उनका अन्तिम संस्कार किया गया। उन्होंने अपने पीछे अपनी पत्नी, दो पुत्र व तीन विवाहित पुत्रियों को रोते बिलखते हुए छोडा है। उनके निधन पर तहसील स्तरीय अधिकारियों के अलावा सांसद सतीश गौतम, वरिष्ठतम अधिवक्ता सत्येन्द्र शर्मा, अध्यक्ष शिशुपाल शर्मा, अध्यक्ष विनोद शर्मा, पूर्व अध्यक्ष बृजवासीलाल सारस्वत, पूर्व विधायक प्रमोद गौड, खैर चेयरमैन संजय शर्मा, पूर्व चेयरमैन संजीव अग्रवाल, बलवीर सिंह दिसवार, अनिल चौधरी, रवि कुमार, शर्त कुमार मालान, दिनेश चौधरी, राजेश मालान, अजय चौहान, संजय सारस्वत, विजयकांत शर्मा, अभिषेक गौतम, हिमांशू कुशवाहा, कुलदीप लुहानियां, योगेश गौतम, अनूप शर्मा, योगेश शर्मा आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है।



मृतक नायब तहसीलदार का फाइल फोटो।

भतीजियों की शादी का सामान लेने जा रहे चाचा की ट्रक से कुचलकर मौत, घर पहुंची बारात

डिबाई। क्षेत्र के दौलतपुर गांव में रविवार दोपहर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार हानिफ खान (35) की मौत हो गई। वह अपनी दो भतीजियों की शादी का सामान लेने बाजार जा रहे थे। हादसा घर से करीब 500 मीटर दूर हुआ। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। हानिफ ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। रविवार को उनके चचेरे भाई की दो बेटियों की शादी थी। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। दुखद घटना के करीब एक घंटे बाद लोनी से एक बारात घर पहुंच गई। शादी की तैयारियां पूरी होने और बारात आने के चलते दोनों पक्षों ने सादगी से विवाह कराने का फैसला किया। दूसरी बारात भी आहार क्षेत्र से पहुंची। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

ज़ैनिथ पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित



दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला में शिक्षकों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

खुर्जा। ज़ैनिथ पब्लिक स्कूल में क्रिटिकल एंड क्रिएटिव थिंकिंग विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। निदेशक राहुल राठी एवं मैनेजर नीलम राठी के मार्गदर्शन तथा प्रधानाचार्या गीता डैंग और उप-प्रधानाचार्या बबीता शर्मा की देखरेख में आयोजित कार्यशाला में मेरठ के गणित विशेषज्ञ विपिन कुमार और अलीगढ़ की मनोविज्ञान विशेषज्ञ डॉ. ऋचा गर्ग ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने रोचक गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मक एवं तार्किक चिंतन की बारीकियां समझाईं। डॉ. ऋचा गर्ग ने बच्चों के व्यवहार का अवलोकन कर उनकी सीखने संबंधी कठिनाइयों को समझने, व्यक्तिगत मार्गदर्शन देने तथा आवश्यकता पड़ने पर अभिभावकों से संवाद और काउंसलिंग करने पर जोर दिया। कार्यशाला में शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

रिलायंस पेट्रोल पंप पर सुपरवाइजर से मारपीट, लाखों का कैश गायब

बुलन्दशहर। डीएवी फ्लाईओवर के पास स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर देर रात कार सवार बदमाशों ने सुपरवाइजर से मारपीट की। घटना के बाद लाखों रुपये का कैश गायब होने की सूचना है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जांच में जुटी है। मालिक के मौके पर न पहुंचने से कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया, जिससे पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के लिए पहुंचे वाहन चालकों को परेशानी हुई।

लोजपा के कार्यकर्ताओं ने केक काट कर मनाया चिराग पासवान का जन्मदिन



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान का जन्मदिन मनाते लोजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

अलीगढ़

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला एवं महानगर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने चिराग पासवान के नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस दौरान जिलाध्यक्ष अनूप गौतम, महानगर अध्यक्ष एसपी सिंह, प्रदेश महासचिव शिशुपाल सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवंबर में घर बैठे जमा करें डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र, कोषागार आने की जरूरत नहीं

अलीगढ़



वरिष्ठ कोषाधिकारी वैभव कुमार।

पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए भारत सरकार द्वारा 1 से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान-5 चलाया जा रहा है। इसके तहत पेंशनभोगी और पारिवारिक पेंशनभोगी घर बैठे अथवा नजदीकी जनसेवा केंद्र, साइबर कैफे, डाकघर और बैंक शाखा के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। वरिष्ठ कोषाधिकारी वैभव कुमार ने अलीगढ़ कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी संबंधित पेंशनभोगियों से नवंबर माह में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अपील की है। इसके लिए रममअंदचतंउंद.हवअ.पद वेबसाइट अथवा जीवन प्रमाण मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि डिजिटल सुविधा से पेंशनभोगियों को न तो कोषागार आने की जरूरत होगी और न ही प्रमाण पत्र की छायाप्रति जमा करनी पड़ेगी। इससे बुजुर्ग और अस्वस्थ पेंशनभोगियों को विशेष राहत मिलेगी।

कोषाधिकारी पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि समय से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने पर पेंशन का भुगतान निर्बाध रूप से जारी रहेगा। जो पेंशनभोगी स्वयं डिजिटल प्रमाण पत्र नहीं बनवा सकते, उनके लिए पूरे नवंबर माह कोषागार में शिविर भी लगाया जाएगा।

रैपिडो बुकिंग के बाद सुरक्षा पर सवाल, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के पंजीकरण पर उठे प्रश्न

अलीगढ़

ऑनलाइन बाइक टैक्सी सेवा रैपिडो की बुकिंग और संचालन व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि कुछ ऐसे वाहनों को भी कंपनी के माध्यम से बुकिंग के लिए पंजीकृत किया जा रहा है, जिनके आगे और पीछे नंबर प्लेट दिखाई नहीं देती। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यात्रियों की सुरक्षा और वाहनों के सत्यापन को लेकर खड़ा हो रहा है।सवाल यह है कि यदि किसी वाहन पर आगे और पीछे पंजीकरण नंबर अंकित नहीं है तो उसका कंपनी में पंजीकरण किस आधार पर किया जा रहा है? बुकिंग के दौरान यात्री को जिस वाहन और चालक की जानकारी दी जाती है, क्या उसका परिवहन विभाग के अभिलेखों से मिलान किया जाता है? इस व्यवस्था की जांच जरूरी है।वहीं, बुकिंग कराने के बाद यात्रियों को



बिना नम्बर की बाइक पर सवारी ले जाता रैपिडो राइडर।

दूसरी तरह की परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि कम किराये के कारण कई चालक बुकिंग स्वीकार करने के बावजूद सवारी लेने नहीं पहुंचते या बुकिंग लेने से बचते हैं।

इससे यात्रियों का समय बर्बाद होता है और उन्हें वैकल्पिक साधन तलाशने पड़ते हैं।पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यात्रियों की सुरक्षा का है। कंपनी द्वारा वाहन और चालक के दस्तावेजों का सत्यापन किस स्तर पर किया जाता है? बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को बुकिंग व्यवस्था में जगह मिलने की शिकायतों पर कौन निगरानी कर रहा है?परिवहन विभाग और संबंधित कंपनी को इन सवालों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि ऑनलाइन बाइक टैक्सी सेवा का उपयोग करने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित हो सके।

दो दिव्यांग भाइयों को दुकान आवंटन का इंतजार, अधिकारों को लेकर नगर निगम पर उठे सवाल

अलीगढ़। रोजगार और आत्मनिर्भरता की उम्मीद लगाए बैठे दो दिव्यांग भाइयों का दुकान आवंटन का मामला गरमा गया है। 80 प्रतिशत दिव्यांग चंद्रशेखर और 100 प्रतिशत दिव्यांग सोनू खान रामघाट रोड वेंडिंग जोन में दुकान आवंटित कराने के लिए लगातार गुहार लगा रहे हैं। आरोप है कि आवेदन करने के बावजूद अब तक उन्हें दुकान आवंटित नहीं की गई है।

दोनों की परेशानी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।मामले में संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा ने जिला प्रशासन और नगर निगम से हस्तक्षेप कर दोनों दिव्यांगों को नियमानुसार रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने की मांग की है। मोर्चा का कहना है कि उत्तर प्रदेश स्ट्रीट वेंडर्स नियमावली-2017 के नियम 14(5) में दिव्यांग पथ विक्रेताओं को वेंडिंग प्रमाणपत्र जारी करने में प्राथमिकता देने का प्रावधान है।

नोएडा और बल्लभगढ़ पर डग्गेमार बसों का आतंक परिवहन विभाग की निगरानी पर उठ रहे सवाल

- शर्मा और गैलेक्सी ट्रैवल्स के नाम से चलने वाली बसों के परमिट जांच की मांग, जट्टारी में कथित वसूली का मामला भी चर्चा में

अलीगढ़

नोएडा और बल्लभगढ़ मार्ग पर निजी बसों के संचालन को लेकर परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि शर्मा और गैलेक्सी ट्रैवल्स के नाम से बड़ी संख्या में बसें संचालित हो रही हैं, जिनमें कई के पास निर्धारित मार्ग पर संचालन की वैध अनुमति नहीं है। स्थानीय स्तर पर इन मार्गों पर चलने वाली बसों की संख्या करीब 60 से 65 बताई जा रही है। हालांकि, बसों की वास्तविक संख्या और उनके परमिट की स्थिति की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।जट्टारी क्षेत्र में बसों से कथित वसूली की शिकायतें भी सामने आई हैं। आरोप है कि बल्लभगढ़ मार्ग की बसों से करीब 3,000 रुपये और नोएडा मार्ग की बसों से 600 रुपये तक लिए जाते हैं। यह राशि किस मद में और किसके द्वारा वसूली जाती है, इसकी जांच आवश्यक है।सूतमिल चौराहे और कठपुला क्षेत्र में बसों के ठहराव एवं कथित अवैध बस स्टैंडों के संचालन को लेकर भी शिकायतें हैं। सूतमिल चौराहे से लगभग 50 मीटर की दूरी पर आरटीओ कार्यालय होने के बावजूद इन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं।कुछ बस चालकों और परिचालकों के हवाले से कथित मासिक वसूली की बात भी कही जा रही है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। ऐसे में परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा बसों के परमिट, पंजीकरण, फिटनेस, बीमा और निर्धारित मार्ग की जांच कराया जाना जरूरी है।सूतमिल चौराहे पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था भी है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि कैमरों में इन बसों की आवाजाही और ठहराव की स्थिति दर्ज हो रही है या नहीं। साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि बिना वैध अनुमति संचालन की शिकायतों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है।मामले में परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन से बसों के वास्तविक संचालन, कथित वसूली तथा बस स्टैंडों की वैधता की जांच कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठ रही है।



शर्मा और गैलेक्सी ट्रैवल्स के नाम से चलने वाली डग्गामार बसें।

सुभाषितम्

गुणा गुणज्ञेषु गुणा भवन्ति, ते निर्गुणं प्राप्य भवन्ति दोषाः।
आस्वाद्यतोयाः प्रवहन्ति नद्यः, समुद्रमासाद्य भवन्त्यपेयाः॥

गुणों का महत्व गुणों के पारखी लोगों के बीच ही होता है। गुणहीन व्यक्ति के संपर्क में आकर वही गुण दोष बन जाते हैं। नदियों का जल पीने योग्य होता है, किंतु समुद्र में मिलकर वह खारा हो जाता है और पीने योग्य नहीं रहता।

संपादकीय

भाजपा की यूपी फतह की तैयारी

कांग्रेस और इंडी गठबंधन से जुड़े राजनीतिक दल एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पीछे लगे हुए हैं। घिसे-पिटे इसी मुद्दे को लेकर वे दिल्ली में कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। इसी क्रम में शनिवार 31 अक्टूबर को इंडी गठबंधन से जुड़े 21 दलों ने दिल्ली में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार की अध्यक्षता में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास पर मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रतीकात्मक महाभियोग के नाम पर ड्रामा किया। रविवार एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष ने इसी मुद्दे पर रैली का आयोजन भी किया जबकि भाजपा आगामी साल 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गई है। शुक्रवार 30 अक्टूबर को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उत्तर प्रदेश दौरे को इसी रूप में ही देखा जा रहा है। अमित शाह ने लखनऊ में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को न केवल चुनावी तैयारी का मंत्र दिया बल्कि अपने बयान के माध्यम से कई राजनीतिक संदेश भी दिए। उन्होंने पार्टी के भीतर मतभेद खत्म करने की नसीहत देने के साथ ही राम मंदिर आंदोलन का जिक्र करते हुए हिंदुत्व के मुद्दे को धार भी दी। चूंकि 2024 लोकसभा चुनाव नतीजों और हाल में संपन्न हुए विधान परिषद चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन में तालमेल को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इसलिए अमित शाह ने साफ कर दिया कि चुनाव से पहले पार्टी के भीतर की नाराजगी और गुटबाजी को खत्म करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि विधानसभा चुनाव को अपना चुनाव बनाएं और जीतने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करें। यानी दिल्ली से आया संदेश साफ है कि 2027 की लड़ाई में संगठन को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर रखना होगा। अमित शाह ने अपने भाषण में 30 अक्टूबर 1990 की अयोध्या की घटना का खास तौर पर जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसी दिन रामभक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं। उन्होंने कल्याण सिंह सरकार का जिक्र करते हुए राम मंदिर निर्माण को भाजपा की राजनीतिक उपलब्धि के तौर पर पेश किया। इससे साफ है कि विकास, निवेश कानून व्यवस्था के दावों के साथ भाजपा 2027 के चुनाव में राम मंदिर और हिंदुत्व के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाएगी। अमित शाह ने यह भी वादा किया कि उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि 2027 के चुनाव में वह बार-बार उत्तर प्रदेश आएंगे और हिसाब भी लेंगे। यानी उन्होंने यह स्पष्ट करने का प्रयास किया कि 2027 के चुनाव में केन्द्रीय नेतृत्व की सक्रिय भूमिका रहेगी। अमित शाह ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकाल के चुनावी अनुभवों का जिक्र करते हुए याद दिलाया कि 2014 में यहां भाजपा के मात्र 44 विधायक थे और कार्यकर्ताओं में निराशा थी। वह खुद तहसील स्तर तक गए और संगठन को मजबूत करने का काम किया। उन्होंने दावा किया कि संगठन मजबूत होने से ही भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में 41 प्रतिशत वोट के साथ 73 सीटें जीतीं। इसके बाद 2017 के विधानसभा चुनाव में नोटबंदी के बावजूद भाजपा ने करीब 40 प्रतिशत वोट प्राप्त कर 312 सीटें जीतीं। इन आंकड़ों के माध्यम से अमित शाह ने सिर्फ पुरानी जीत ही याद नहीं दिलाई बल्कि यह संदेश भी दिया कि चुनाव जीतने का रास्ता बूथ और तहसील स्तर तक संगठन को मजबूत करने से ही निकलता है।

पाती

डिजिटल बाजार में नीलाम न हो त्योहारों की गरिमा

सोशल मीडिया के दौर में करवा चौथ जैसे पवित्र त्योहार को अश्लील मीम्स और फूहड़ चुटकुलों का विषय बनाना चिंताजनक है। यह व्रत केवल उपवास नहीं, बल्कि दांपत्य प्रेम, विश्वास, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। लाइक्स और लोकप्रियता की होड़ में त्योहारों की गरिमा को ठेस पहुंचाना हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी पर सवाल खड़े करता है।
पुरुषों और महिलाओं, दोनों को ऐसे कंटेंट का विरोध करना चाहिए और उसे आगे प्रसारित करने से बचना चाहिए। माता-पिता बच्चों को त्योहारों के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराएं। आधुनिकता अपनाना गलत नहीं, लेकिन संस्कारों और रिश्तों की मर्यादा भूल जाना उचित नहीं है।

■ अशोक गर्ग

आज का इतिहास

- 1833: भारतीय चिकित्सक और समाज सुधारक महेंद्रलाल सरकार का जन्म हुआ। उन्होंने भारत में होम्योपैथी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- 1834: भारतीय श्रमिकों को लेकर एटलस नामक जहाज मॉरीशस पहुंचा। इस घटना की स्मृति में मॉरीशस में प्रतिवर्ष 2 नवंबर को अप्रवासी दिवस मनाया जाता है।
- 1917: ब्रिटेन ने बालफोर घोषणा जारी की। इसके माध्यम से फलस्तीन में यहूदी लोगों के लिए राष्ट्रीय गृह की स्थापना का समर्थन किया गया।
- 1936: ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने दुनिया की पहली नियमित उच्च-परिभाषा टेलीविजन सेवा शुरू की।
- 1949: नीदरलैंड और इंडोनेशिया ने हेग समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य इंडोनेशिया की स्वतंत्रता को लेकर दोनों देशों के बीच जारी विवाद का समाधान करना था।
- 1963: दक्षिण वियतनाम के राष्ट्रपति न्गो दिन्ह दीम की सैन्य तख्तापलट के दौरान हत्या कर दी गई।
- 1974: भारत के पहले परमाणु परीक्षण से संबंधित तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचीं। भारत ने 18 मई 1974 को राजस्थान के पोखरण में अपना पहला परमाणु परीक्षण किया था।
- 1976: जिमी कार्टर अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। उन्हें वर्ष 2002 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 2000: अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहला स्थायी मानव दल पहुंचा। इसके साथ ही अंतरिक्ष में निरंतर मानव उपस्थिति के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई।

लक्ष्मी पूजन, वही-खाता और बैंकिंग की साख

राहुल गांधी इन दिनों मोदी सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर अनर्गल आरोप लगाकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। वे कभी अंबानी-अडानी का नाम लेकर आरोप लगाते हैं। वे भूल जाते हैं कि कांग्रेस राज में 'टाटा-बिड़ला' की सरकार कहलाने के साथ राजीव गांधी से मनमोहन सिंह राज के दौरान अंबानी-अडानी भी आगे बढ़े हैं।



■ आलोक मेहता

दीपावली का पर्व आते ही देश के व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों और घरों में परंपरा जीवंत हो उठती है। व्यापारी नए बही-खाते की पूजा करते हैं, लक्ष्मी-गणेश की आराधना होती है और समृद्धि की कामना की जाती है। लेकिन बैंकिंग व्यवस्था की ओर देखते ही सवाल उठता है। क्या सरकारी और निजी बैंकों ने इन मूल्यों का पालन किया है? क्या जनता की मेहनत की कमाई से बने बैंकों को राजनीतिक हस्तक्षेप, उद्योगपतियों, भ्रष्ट अधिकारियों और कमजोर प्रबंधन से बचाया जा सका है?

आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश को लेकर राहुल गांधी की कांग्रेस और कम्युनिस्ट विचार वाले दलों की आपत्तियां सामने आ रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में केंद्र सरकार बैंक के नियंत्रण और स्वामित्व में बदलाव की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है। सवाल उठाने वालों को बताना चाहिए कि जिन सरकारी बैंकों को राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक न्याय का माध्यम बताया गया, उनकी आर्थिक सेहत बिगड़ने, हजारों करोड़ रुपये के कर्ज डूबने और राजनीतिक संरक्षण में कर्ज बांटने की परिस्थितियां कैसे पैदा हुईं? बैंक सरकारी हो या निजी, असली सवाल उसके मालिक का नहीं, बल्कि जवाबदेही, पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और जनता के पैसे की सुरक्षा का है। कई बड़े सेठ, ठेकेदार और जमींदार गरीबों को अधिक ब्याज पर कर्ज देकर उनका शोषण करते थे। सार्वजनिक बैंक बने तो नेताओं ने अपने ढंग से गरीबों और ईमानदार लोगों का पैसा लूटा।

जब नरेंद्र मोदी सरकार 2014 में सत्ता में आई, तब बैंकों के फंसे हुए कर्ज यानी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का संकट था। रिजर्व बैंक की एसेट क्वालिटी रिव्यू के बाद पुराने खराब ऋण बड़े पैमाने पर सामने आए। मोदी सरकार ने दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), 2016 लागू की, जिसका उद्देश्य दिवालिया कंपनियों के समाधान और ऋण वसूली को समयबद्ध बनाना था। 2015 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इंद्रधनुष योजना घोषित की। इसमें नियुक्तियों, बैंक बोर्ड ब्यूरो, पूंजी उपलब्ध कराने और बैंकिंग प्रशासन में सुधार पर जोर था। बैंकिंग क्षेत्र में निरंतर निगरानी और जवाबदेही भी जरूरी है।

राहुल गांधी इन दिनों मोदी सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर अनर्गल आरोप लगाकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। वे कभी अंबानी-अडानी का नाम लेकर आरोप लगाते हैं। वे भूल जाते हैं कि कांग्रेस राज में 'टाटा-बिड़ला' की सरकार कहलाने के साथ राजीव गांधी से मनमोहन सिंह राज के दौरान अंबानी-अडानी भी आगे बढ़े हैं। मोदी ने टाटा, बिड़ला, अंबानी, अडानी और मित्तल जैसे घरानों को प्रोत्साहित किया, ताकि उद्योग-व्यापार के साथ रोजगार के अधिकाधिक अवसर मिलें। राहुल गांधी एंड कंपनी इन तथ्यों को भी ध्यान में रखें।



19 जुलाई 1969 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने 14 प्रमुख निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकिंग पहुंचाना, किसानों और छोटे उद्योगों को ऋण देना तथा बड़े औद्योगिक घरानों के प्रभाव को सीमित करना बताया गया था। बैंकों की शाखाएं गांवों और कस्बों तक पहुंचीं। मैं 1971 से दिल्ली में पत्रकारिता में हूं और बैंक या कोयला खानों के राष्ट्रीयकरण के लाभ तथा बाद के नुकसान यानी घोटालों पर जमीनी रिपोर्टिंग या लेख लिखता रहा हूं। कई वित्त मंत्रियों से इंटरव्यू करता रहा हूं।

राष्ट्रीयकरण के केवल दो वर्ष बाद 1971 में नागरवाला कांड ने देश की बैंकिंग और राजनीतिक व्यवस्था को हिला दिया। 24 मई को दिल्ली स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की संसद मार्ग शाखा से 60 लाख रुपये निकलवाए गए। मुख्य कैशियर वेद प्रकाश मल्होत्रा को कथित फोन पर प्रधानमंत्री कार्यालय के पी.एन. हक्सर और स्वयं इंदिरा गांधी के नाम का हवाला दिया गया। बाद में पता चला कि फोन करने वाला रुस्तम सोहराब नागरवाला था। अधिकांश राशि बरामद हुई और नागरवाला गिरफ्तार हुआ। लेकिन मामला धोखाधड़ी तक सीमित नहीं रहा। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम, बैंक की आंतरिक प्रक्रियाएं और पुलिस जांच की विश्वसनीयता पर सवाल जुड़े। न्यायमूर्ति जे. जगनमोहन रेड्डी आयोग ने पुलिस जांच की कमियों की ओर ध्यान दिलाया और कई प्रश्न अनुत्तरित रहे।

सरकारी व्यवस्था का खेल समझने वाले यशवंत सिन्हा चंद्रशेखर की कुछ महीनों की कांग्रेस समर्थित सरकार में वित्त मंत्री बने। फिर कांग्रेस के नरसिम्हा राव के कार्यकाल में मनमोहन सिंह ने उस मसविदे को उदारवादी नीति की तरह लागू करना शुरू किया। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में यशवंत सिन्हा फिर जोड़-तोड़ कर वित्त मंत्री बनने में सफल हुए। उनके कार्यकाल में 2001 का शेयर बाजार संकट और यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया (यूटीआई) का यूएस-64 संकट बड़ी चुनौती बने। इसी दौर में केतन पारेख का शेयर बाजार घोटाला सामने आया। बैंकों, सहकारी बैंकों, कंपनियों और शेयर दलालों के संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जांच हुई। संसदीय संयुक्त समिति ने 2002 में रिपोर्ट पेश की। समिति ने केतन पारेख को प्रमुख खिलाड़ी माना और यूटीआई प्रबंधन तथा वित्त मंत्रालय की निगरानी संबंधी कमियों पर सवाल उठाए। सरकार किसी भी पार्टी की हो, वित्त मंत्रालय और नियामक संस्थाओं की जिम्मेदारी वित्तीय संकट के संकेतों पर समय से कार्रवाई करना है।

फारूक अब्दुल्ला का नाम जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के धन के कथित दुरुपयोग के मामले में आया। एसोसिएशन को 2002 से 2011 के बीच बीसीसीआई से लगभग 113 करोड़ रुपये मिले थे। सीबीआई ने 43.69 करोड़ रुपये के कथित गबन का आरोप लगाया। 2018 में फारूक अब्दुल्ला सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल हुआ। इसमें एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर बैंक की खनयार शाखा के एक अधिकारी का नाम भी था। यह बैंक के अपने धन का कथित घोटाला नहीं, बल्कि क्रिकेट एसोसिएशन के धन के कथित गबन का मामला था, जिसमें बैंक खातों और अधिकारी की भूमिका जांच के दायरे में आई।

सरकारी बैंकों की बड़ी समस्या उनके शीर्ष प्रबंधन की नियुक्तियों और निर्णय प्रक्रिया में सरकारी प्रभाव को लेकर रही है। अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक और निदेशक मंडल के सदस्यों के लिए वित्तीय विशेषज्ञता, बैंकिंग अनुभव, जोखिम प्रबंधन और स्वतंत्र निर्णय क्षमता जरूरी है। नियुक्तियों में राजनीतिक नजदीकी, प्रशासनिक पसंद या व्यक्तिगत संबंधों को प्राथमिकता मिले तो संस्थागत स्वतंत्रता कमजोर होती है। शायद इसीलिए मोदी सरकार ने कई बैंकों में निदेशक नियुक्त नहीं किए।

दीपावली पर व्यापारी पुराने बही-खातों का हिसाब करते हैं। लक्ष्मी पूजन पर देश को संकल्प लेना चाहिए कि बैंकिंग व्यवस्था में न राजनीतिक सिफारिश चलेगी, न उद्योगपतियों का दबाव और न भ्रष्ट अधिकारियों की मनमानी। सरकारी बैंक हों या निजी, सबके लिए समान वित्तीय अनुशासन होना चाहिए। बैंक का धन जनता का विश्वास है। उसे बचाना सरकार, रिजर्व बैंक, बैंक प्रबंधन और राजनीतिक दलों–सभी की जिम्मेदारी है। दीपावली की असली लक्ष्मी वही है जो ईमानदारी से अर्जित हो, सुरक्षित रहे और देश की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे। बही-खाते में केवल लाभ नहीं, जवाबदेही का हिसाब भी साफ होना चाहिए।

(लेखक पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ संपादक हैं)

भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते स्वदेशी मेले

स्वदेशी मेलों और त्योहारों के इस देश में वर्ष 1991 में माननीय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना कर समाज को आर्थिक रूप से समृद्ध और सशक्त बनाने के साथ स्वदेशी का विचार हमें दिया। स्वनिर्मित विभिन्न हस्तकलाओं के क्षेत्र में निपुण और महारत हासिल रखने वाले कलाकारों द्वारा निर्मित उत्पादों को इन मेलों में स्थान देकर उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान करने और नई पहचान दिलाने का कार्य भी किया है। स्वदेशी मेलों के माध्यम से उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी मिल रही है।



■ आदेश शर्मा

भारत भूमि पर जन्मा और निवास करने वाला प्रत्येक नागरिक भारतवासी है, उसी तरह भारत भूमि पर आयोजित होने वाला प्रत्येक मेला स्वदेशी था और है। इन मेलों का आयोजन प्राचीनकाल से होता आ रहा है। मेलों के आयोजन का इतिहास अलग-अलग है, जो पौराणिक काल और हमारी वैदिक परंपराओं से जुड़ा है। इसीलिए दुनिया में भारत को मेलों और त्योहारों के देश के रूप में जाना-पहचाना जाता है।

इन मेलों के माध्यम से देश के विभिन्न समाज अपने खास पर्वों और त्योहारों पर मेलों का आयोजन कर इन सामाजिक पर्वों को प्रमुखता से मनाने के साथ अपने समाज के साथ अन्य समाजों को जोड़ने और सामाजिक समरसता बढ़ाने का कार्य करते हैं। विविधता में एकता का भाव साकार करने वाले इन स्वदेशी मेलों का आयोजन क्षेत्रीय, सामाजिक और राष्ट्रीय त्योहारों पर प्रमुखता से किया जाता है।

हमारे देश में कुंभ मेलों का प्रारंभ चीनी यात्री व्हेनसांग के भारत आने पर 629-645 ईस्वी के विवरण के अनुसार, राजा हर्षवर्धन के समय से प्रयागराज में हर पाँचवें वर्ष एक मेले, उत्सव का आयोजन होता था।

आधुनिक सांस्कृतिक और राजनीतिक स्वदेशी मेलों का प्रारंभ 19वीं शताब्दी से माना जाता है। भारत में राष्ट्रवाद और स्वदेशी भाव को बढ़ाने के लिए 1867 में नवगोपाल मित्र द्वारा हिंदू मेला (चैत्र मेले) का प्रारंभ किया गया था।

इन मेलों की श्रृंखला में आज स्वदेशी मेले देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान से लेकर विभिन्न प्रदेशों, तहसीलों, ग्राम पंचायतों और जिलों में प्रमुखता से आयोजित किए जाकर समाज को आर्थिक समृद्ध बनाने के साथ राष्ट्रीयता का भाव बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। माननीय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के आर्थिक चिंतन और माननीय दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के विचार एवं उद्देश्य को भी साकार कर पूरा कर रहे हैं। वर्तमान में स्वदेशी के विचार और आर्थिक चिंतन को मजबूती देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'लोकल फॉर वोकल' के संदेश को भी ये स्वदेशी मेले आगे बढ़ा रहे हैं।



देश के प्रमुख राज्यों में विभिन्न समाजों के राष्ट्रीय त्योहारों के अवसर पर मेलों का आयोजन प्रमुखता से किया जाता है। कुंभ के मेले पूरी दुनिया में खासा महत्व और स्थान रखते हैं। बिहार के सोनपुर में आयोजित होने वाला पशु मेला, पंजाब में बैसाखी, तमिलनाडु में पोंगल, केरल में ओणम और असम में बिहू, बंगाल में दुर्गा पूजा, महाराष्ट्र में गणेश उत्सव और दुर्गा पूजा पर पूरे देश में स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जाता है।

ग्वालियर में 1905 से आयोजित किया जाने वाला मेला अपनी स्थापना के 121वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। उसी परिसर में आयोजित स्वदेशी मेला इस श्रृंखला को आगे बढ़ा रहा है और परिसर को नई पहचान दिला रहा है।

दुनिया के देशों की बनती-बिगड़ती अर्थव्यवस्था में भारत भी आर्थिक रूप से सशक्त और एक समृद्धशाली राष्ट्र के रूप में पहचाना जाता है। वर्तमान में हमारा देश पीपीपी और जीडीपी की गणना के अनुसार दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया के देशों को आर्थिक क्षेत्र में चुनौती दे रहा है।

स्वदेशी मेलों और त्योहारों के इस देश में वर्ष 1991 में माननीय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना कर समाज को आर्थिक रूप से समृद्ध और सशक्त बनाने के साथ स्वदेशी का विचार हमें दिया। स्वनिर्मित विभिन्न हस्तकलाओं के क्षेत्र में निपुण और महारत हासिल रखने वाले कलाकारों द्वारा निर्मित उत्पादों को इन मेलों में स्थान देकर उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान करने और नई पहचान दिलाने का कार्य भी किया है। स्वदेशी मेलों के माध्यम से उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी मिल रही है।

ये मेले स्वदेशी होने के साथ जिन जिलों और प्रदेशों में आयोजित किए जाते हैं, वहाँ अपने हाथों से छोटी-से-छोटी कलाकृतियाँ निर्मित करने वाले कारीगरों, कलाकारों, उद्यमियों और व्यवसायियों को आर्थिक मजबूती प्रदान करते हैं। ये मेले समाज को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के साथ आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध भारत बनाने का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। पूरे देश में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 100 से अधिक स्वदेशी मेले आयोजित किए जाते हैं। ये स्वदेशी मेले भारतीय अर्थव्यवस्था के पहियों को गति भी प्रदान करते हैं।

मुझे विश्वास है कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा लगाए जा रहे स्वदेशी मेले भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ दुनिया में भारत को आर्थिक संपन्न राष्ट्रों की सूची में प्रथम स्थान पर स्थापित करने में सहयोगी रहेंगे।

(लेखक स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत के विचार प्रमुख हैं।)

कहीं अतीत ही तो नहीं चुरा रहा हमारा आज

आनंद

मनुष्य का जीवन बहुत ही श्रेष्ठ, सुन्दर और अनमोल जीवन हैं। इस जीवन में सुंदर अनुभूतियाँ होते रहना भी सौभाग्य की बात है। परंतु आज प्रायः यह देखने में आता है कि अधिकांश लोग वर्तमान में जीने की बजाय अपने अतीत के विचारों में खोए रहते है। वह बीती हुई घटनाएं, अनुभव और स्मृतियाँ हमारे वर्तमान को प्रभावित करतीं हैं। यह तो सत्य है कि जो बीत गया उसे हम चाहकर भी बदल नहीं सकते। लेकिन बार बार हमारा मन अतीत की तरफ जाता है। यदि हमारा अतीत सुन्दर रहा है तो निश्चित ही उसकी स्मृतियाँ हमें कुछ पल के लिए सुकून देंगी। लेकिन यदि अतीत में दुखद अनुभव, असफलता, निराशा या फिर किसी के द्वारा दिया गया दर्द है तो उसका चिंतन हमारे वर्तमान जीवन को अशांत कर देगा।



■ बी.के. प्रहलाद
(लेखक मोटिवेशनल स्पीकर, आध्यात्मिक मार्गदर्शक एवं राजयोग ध्यान विशेषज्ञ हैं)

इसलिए हम अतीत से सीख लें और अच्छी स्मृतियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते रहें तो हम जीवन में आनंद की अनुभूति कर सकते है। क्योंकि जीवन एक नाटक की तरह है जिसमें हर कोई अपना अपना किरदार निभा रहा है। किसी का किरदार अच्छा होता है तो किसी का उतना अच्छा नहीं भी होता है। जैसे किसी फिल्म या नाटक में अलग अलग तरह के पात्र होते हैं, वैसे ही असल जीवन मे भी हर तरह के पात्र देखने और अनुभव करने को मिल जाएंगे। बस फर्क सिर्फ इतना है कि फिल्म या नाटक कुछ घंटों का होता है, जबकि जीवन का यह नाटक कई वर्षों तक चलता है। इसलिए हम किसी दूसरे के व्यवहार या उसके किरदार की बजह से प्रभावित न हों, हम किसी के किरदार को बदल नहीं सकते, लेकिन उसके प्रति अपनी शुभ भावना अवश्य रख सकते है और अपने किरदार को बेहतर बना सकते है। नाटक शब्द का अर्थ ही है 'न' अटक अर्थात कहीं पर भी अटकना नहीं है।

दूसरे शब्दों में हम इसे ऐसे भी समझ सकते हैं कि जीवन एक यात्रा की तरह भी है। जब हम किसी यात्रा पर होते है तो कई तरह के लोग मिलते हैं जिसमें कुछ लोग हमारी यात्रा को सुखद बनाने में मददगार बनते है, तो वहीं कुछ लोग हमें कडवे अनुभव दे जाते है। लेकिन हम फिर भी अपनी यात्रा जारी रखते है और आगे बढ़ते रहते है। ठीक इसी प्रकार जीवन की इस यात्रा में हमें मित्र, संबंधी, साथी या अन्य कई लोग मिलते हैं। इनमें से कुछ के व्यवहार या बातों के कारण हमारे जीवन में कुछ उतार चढ़ाव आ जाता हैं और हम उन्हीं कुछ लोगों की बातों या व्यवहार को पकड़कर बैठ जाते है। जबकि ऐसे लोग बहुत थोड़े होंगे, इसके विपरीत अच्छे लोगों की संख्या हमारे जीवन में ज्यादा होती हैं लेकिन हमारा ध्यान उनकी तरफ नहीं जाता। क्योंकि हम कुछ लोगों के नकारात्मक व्यवहार को ही अपने मन में बैठा लेते है। जिस कारण से हम कह सकते हैं कि हमारा आज कहीं अतीत तो नहीं चुरा रहा है।

इसलिए हमेशा याद रखो की बीती हुई बातों का चिंतन छोड़, हमें आज को अच्छा बनाना है। इसके लिए किसी का इंतजार नहीं करना हैं बल्कि अपनी सोच और व्यवहार को अच्छा बनाते हुए, छोटी छोटी बातों में खुशियां ढूँढना हैं। प्रतिदिन कुछ नया और रचनात्मक करने का प्रयास करते रहना हैं। आज का समय हमारे पास लौटकर नहीं आएगा, इसलिए आज को जीना हैं। जब अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ते हैं तब सबका सहयोग स्वतः ही मिलने लगता है और जीवन सुन्दर बन जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ''इंडिपेंडेंट भारत'' स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक जगदीश शर्मा, शर्मा प्रिन्टिग प्रेस रामपुर बगहा पो० लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर उ० प्र० 274306 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
मोबाईल न०-90261 11001 संपादक जगदीश शर्मा प्रबंध संपादक मयंक कुमार सिंह Title code-UPHIN49987 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर होगा।



जसपिंदर नरूला: सुरों की बहुरंगी पहचान

परिचय : संगीत की अनमोल आवाज

भारतीय संगीत जगत में कुछ आवाजें ऐसी होती हैं, जो अपनी मधुरता, विशिष्ट अंदाज और भावपूर्ण गायकी के कारण श्रोताओं के दिलों में खास जगह बना लेती हैं। जसपिंदर नरूला ऐसी ही एक प्रतिभाशाली गायिका हैं। पंजाबी संगीत, बॉलीवुड पार्श्वगायन, सूफी संगीत और धार्मिक गायकी में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी आवाज में शास्त्रीय संगीत की गहराई, लोक संगीत की मिठास और सूफियाना अंदाज का खूबसूरत संगम सुनाई देता है। उन्होंने हिंदी और पंजाबी के अलावा विभिन्न भाषाओं में भी अपनी गायकी का जादू बिखेरा है।

प्रारंभिक जीवन : संगीत से जुड़ा परिवार

जसपिंदर नरूला का जन्म 14 नवंबर को हुआ। उनका परिवार संगीत से जुड़ा हुआ था। उनके पिता केसर सिंह नरूला पंजाबी संगीत जगत के जाने-माने संगीतकार थे। जसपिंदर को बचपन से ही गायकी का शौक था। उन्होंने अपने पिता से संगीत की शुरुआती शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने उस्ताद गुलाम सादिक खान से शास्त्रीय संगीत की बारीकियां सीखीं। संगीत के प्रति उनकी लगन ने बचपन में ही उनकी प्रतिभा को निखारना शुरू कर दिया था।

शिक्षा और संगीत साधना

जसपिंदर नरूला ने संगीत के साथ-साथ अपनी औपचारिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया। उन्होंने दिल्ली के इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वुमेन से संगीत में स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने संगीत में उच्च शिक्षा हासिल की और दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वर्ष 2008 में डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी करना उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों में महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। उनकी शास्त्रीय संगीत की मजबूत नींव ने उन्हें फिल्मी, सूफी और लोक संगीत में भी अपनी अलग पहचान बनाने में मदद की।

बॉलीवुड में पहचान : लोकप्रिय गीतों का सफर

जसपिंदर नरूला ने बॉलीवुड में अपनी आवाज से खास मुकाम हासिल किया। फिल्म 'प्यार तो होना ही था' का गीत 'प्यार तो होना ही था', जिसे उन्होंने रेमो फर्नांडिस के साथ गाया, उनके करियर का सबसे लोकप्रिय गीत बना। इस गीत ने उन्हें देशभर में पहचान दिलाई। वर्ष 1999 में उन्हें इस गीत के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने 'सोल्जर', 'विरासत', 'मोहब्बतें', 'मिशन कश्मीर', 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' और 'बंटी और बबली' जैसी फिल्मों में भी अपनी आवाज दी। 'तेरा रंग बल्ले बल्ले' और 'बुम्बरो' जैसे गीतों ने उनकी लोकप्रियता को और बढ़ाया।

पंजाबी व सूफी संगीत

जसपिंदर नरूला की खासियत यह है कि उन्होंने खुद को केवल बॉलीवुड तक सीमित नहीं रखा। पंजाबी लोकगीतों, गुरबाणी, भजनों और सूफी संगीत में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। उनकी गायकी में पंजाबी संस्कृति और आध्यात्मिक भावनाओं की झलक दिखाई देती है। 'दमा दम मस्त कलंदर' जैसी सूफियाना प्रस्तुति से भी उन्होंने श्रोताओं को प्रभावित किया। उन्होंने धार्मिक और आध्यात्मिक संगीत के माध्यम से भी अपनी कला को व्यापक श्रोतावर्ग तक पहुंचाया। वर्ष 2008 में रियलिटी शो 'धूम मचा दे' में उन्हें भारत की सर्वश्रेष्ठ लाइव परफॉर्मर का खिताब मिला।

सम्मान और उपलब्धियां

जसपिंदर नरूला को संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए अनेक सम्मान मिले हैं। फिल्मफेयर और स्क्रीन अवॉर्ड के अलावा उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है। वर्ष 2025 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा। यह उपलब्धि उनके लंबे संगीत सफर और भारतीय संगीत के प्रति समर्पण का महत्वपूर्ण प्रमाण है। उनकी प्रतिभा ने साबित किया है कि निरंतर अभ्यास, शिक्षा और कला के प्रति समर्पण से सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं।

निष्कर्ष

जसपिंदर नरूला का संगीत सफर नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बॉलीवुड की व्यावसायिक गायकी से लेकर पंजाबी लोक संगीत और आध्यात्मिक प्रस्तुतियों तक अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनकी आवाज में विविधता और भावनाओं की गहराई है।

फिर अक्षय के साथ काम करेंगी भूमि पेडनेकर



अभिनेता अक्षय कुमार के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करती नजर आएंगी। आखिरी बार ये दोनों कलाकार साल 2022 में आई फिल्म 'रक्षा बंधन' में एक साथ दिखाई दिए थे, जोकि बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी।

इतना ही नहीं साल 2017 में अक्षय कुमार और

सुपरस्टार अक्षय कुमार का नाम अपनी अपकमिंग मूवीज को लेकर चर्चा में बना रहता है। लंबे समय से निर्देशक प्रियदर्शन संग एक आने वाली अनटाइल मूवी को लेकर अक्की लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब अक्षय की इस फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है, जो लीड एक्ट्रेस से जुड़ी हुई है।

बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार की इस अपकमिंग अनटाइटल फिल्म के लिए एक्ट्रेस के लिए मेकर्स की तलाश पूरी हो गई है। वह अभिनेत्री 4 साल बाद अक्की के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही है। आइए इस मामले को विस्तार से जानते हैं-

अक्षय कुमार संग नजर आएगी यह एक्ट्रेस

किसी भी फिल्म के लीड एक्टर और लीड एक्ट्रेस के मामले अक्सर सिनेमाई गलियारे में चर्चा का विषय बनते हैं। फिलहाल इस मामले में अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी अनटाइटल फिल्म छाई हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह दावा किया जा रहा है कि इस फिल्म में बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा भूमि पेडनेकर लीड रोल प्ले करती नजर आएंगी।

हालांकि, अभी इस मामले की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। अगर ऐसा होता है तो भूमि 4 साल बाद

भूमि पेडनेकर की जोड़ी पहली बार फिल्म 'टॉयलेट- एक प्रेम कथा' में नजर आई थी, जो कि कमर्शियल तौर पर बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब ये दोनों स्टार्स एक-दूसरे के साथ तीसरी फिल्म करने के लिए कमर कसते हुए दिखाई दे सकते हैं।

इस फिल्म में किया था कैमियो

सिर्फ 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' और 'रक्षा बंधन' ही नहीं बल्कि भूमि पेडनकर अभिनेता अक्षय कुमार की एक फिल्म में कैमियो रोल प्ले करती हुई नजर आ चुकी हैं, जिसका नाम है 'खेल खेल में'। 2024 में आई इस कॉमेडी ड्रामा में भूमि ने छोटी सी भूमिका अदा की थी।

भूमि पेडनेकर ने 'दम लगा के हईशा', 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा', 'शुभ मंगल सावधान', 'सांड की आंख', 'बाला', 'बधाई दो' और 'भक्षक' जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। उनकी फिल्में सामाजिक मुद्दों और महिला सशक्तिकरण को प्रमुखता देती हैं।

वही काम करती हूं जो मुझे पसंद हो

KEERTHY



मैं किसी रेस में नहीं हूं। ऐसा नहीं है कि मुझे बहुत सारी फिल्में करनी हैं। मैं वही काम कर रही हूं जो मुझे पसंद है। हिंदी सिनेमा में काम करने का मौका भी मुझे इसी तरह मिला। मैं इसके पीछे भाग नहीं रही थी। सब कुछ अपने आप सही समय पर हुआ और अब देखूंगी कि इसे आगे कैसे बढ़ाना है...

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कीर्ति सुरेश इन दिनों अपनी आने वाली सीरीज 'अक्का' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज में वह अभिनेत्री राधिका आप्टे के साथ दिखाई देंगी। बता दें कि साउथ अभिनेत्री कीर्ति ने 2024 में वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बेबी जॉन' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बॉलीवुड में आने और काम करने को लेकर बात की। कीर्ति ने बताया कि वह हिंदी सिनेमा में काम करना चाहती थीं, लेकिन इसके लिए उन्हें कोई जल्दबाजी नहीं थी। वह चाहती थीं कि सब कुछ सही समय पर अपने आप हो।

क्या बोलीं कीर्ति सुरेश?

कीर्ति ने कहा, 'मैं निश्चित रूप से किसी समय हिंदी सिनेमा में काम करना चाहती थी और आखिरकार ऐसा हुआ। इसकी शुरुआत 'अक्का' से हुई। इस बीच 'बेबी जॉन' आई और उसके बाद मैंने राजकुमार राव के साथ 'रफ्तार' नाम की फिल्म की। यह फिल्म भी जल्द रिलीज होनी चाहिए।'

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मैं किसी रेस में नहीं हूं। ऐसा नहीं है कि मुझे बहुत सारी फिल्में करनी हैं। मैं वही काम कर रही हूं जो मुझे पसंद है। हिंदी सिनेमा में काम करने का मौका भी मुझे इसी तरह मिला। मैं इसके पीछे भाग नहीं रही थी। सब कुछ अपने आप सही समय पर हुआ और अब देखूंगी कि इसे आगे कैसे बढ़ाना है।'

कैसे कीर्ति को मिली 'अक्का'?

कीर्ति ने बताया कि धर्मा (निर्देशक) ने मेरी फिल्म 'सानी कायिधम' देखी थी। उसमें मेरा किरदार बेहद मजबूत और बेखौफ था, लेकिन उसके अंदर एक संवेदनशील पहलू भी था। मुझे हमारी पहली मुलाकात याद है। उन्होंने बताया कि उन्होंने यह फिल्म देखी है। तब मैंने उनसे कहा कि अब मैं समझ गई कि आप मुझे यह किरदार क्यों देना चाहते हैं।

क्या है 'अक्का' की कहानी?

कीर्ति और राधिका स्टारर 'अक्का' की कहानी 1980 के दशक में पेरनुरु नाम के एक काल्पनिक राज्य में दिखाई गई है, जहां महिलाओं का दबदबा है। फिल्म की कहानी भवानी (कीर्ति) और रुद्रा (राधिका) नाम की दो ताकतवर महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों की अलग-अलग सोच और उनके बीच की दुश्मनी राज्य में सत्ता के समीकरण तय करती है।

कब रिलीज होगी 'अक्का'?


'अक्का' का निर्देशन धर्मराज शेट्टी ने किया है। सीरीज में कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा तन्वी आजमी, महेश मांजरेकर, अंशुमान पुष्कर और मोनिका पंवार समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस सीरीज का निर्माण वाईआरएफ एंटरटेनमैंट ने किया है। 'अक्का' 30 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

कंट्रोवर्सीज

शादी की अफवाहें: 2020 से 2023 के बीच कीर्ति का नाम संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर और व्यवसायी फरहान बिन लियाकत के साथ जोड़ा गया। कीर्ति और उनके परिवार ने इन खबरों को निराधार बताया।

फैशन को लेकर ट्रोलिंग: 2023 में निर्देशक वेंकी एटलुरी की शादी में पहने गए रंगीन लहंगे को लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया गया।

फिल्म 'डोरोथी' पर विवाद: सितंबर 2026 में फिल्म के समलैंगिक चित्रण को लेकर सोशल मीडिया पर विरोध और बहिष्कार की मांग हुई। फिल्म में कीर्ति की भूमिका को लेकर भी चर्चा रही।



एसएस राजामौली की सिल्वर जुबली

अपनी अलग तरह की सोच, कहानी कहने के बिल्कुल अलग अंदाज और फुल एंटरटेनर फिल्मों के जरिए इंडियन सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बना चुके फिल्म मेकर एसएस राजामौली ने हाल ही में सिनेमा इंडस्ट्री में करियर के शानदार 25 साल पूरे किए। एसएस राजामौली के कहानी कहने का अंदाज अनोखा है और लार्जर देन लाइफ सिनेमा के लिए उनका विज़न बेमिसाल है। उनकी बाहुबली फ्रेंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करते हुए जबरदस्त धूम मचाई।

उन्होंने अपने करियर में अब तक 'बाहुबली' फ्रैंचाइज़ी के अलावा, 'सिम्हाद्री', 'छत्रपति', 'मगधीरा', 'ईगा', 'आरआरआर', 'बाहुबलीः द एपिक' जैसी कई मेगा ब्लॉकबस्टर्स हिट फिल्में दी है। 2016 में, भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित हो चुके एसएस राजामौली ने लगातार भारतीय सिनेमा के पैमाने और महत्वाकांक्षा को एक नई पहचान दी है। एसएस राजामौली इन दिनों महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन के लीड रोल वाली लगभग 1200 करोड़ की लागत से बन रही अपने आगामी फिल्म 'वाराणसी' में बिजी हैं। इस फिल्म से सालों बाद प्रियंका चोपड़ा किसी भारतीय फिल्म में कमबैक कर रही हैं।

MOVIE REVIEW

मीठे में क्या है ★★★

एक्टर: रोहिणी हट्टंगड़ी, ऋत्विक भौमिक, आयशा रजा, तराना राज़ा, विक्रम बख्शी, दलाई, शिविका ऋषि, कनिका कपूर
श्रेणी: फैमिली ड्रामा
डायरैक्टर: राधिका बंसल
अवधि: 1 घंटा 59 मिनट

वो कहावत है न कि सुख-दुख में परिवार और अपने ही साथ देते हैं। लेखिका-निर्देशिका राधिका बंसल की डेब्यू फिल्म 'मीठे में क्या है' इसी एहसास को और पुख्ता करती है। दिवाली के त्योहार को केंद्र में रखकर बुनी यह हल्की-फुल्की फिल्म खोने के दर्द, अपनों के साथ और परिवार की अहमियत पर जोर देती है।

'मीठे में क्या है' की कहानी

कहानी जय (ऋत्विक भौमिक) और उसकी हंसती-खेलती फैमिली की है। जय दो साल पहले गुजर चुकी पत्नी तारा (कनिका कपूर) को खोने के गम से उबर नहीं पा रहा है। वह सब कुछ बेचकर विदेश में बसने जा रहा है, पर तभी उसकी बहन सना (दलाई) बिना किसी को कुछ बताए करम (विक्रम बख्शी) से शादी कर लेती है इसलिए, उसे दिवाली पर अपनी नानी (रोहिणी हट्टंगड़ी) के घर लखनऊ आना पड़ता है, जहां पूरा परिवार इकट्ठा है।

अब दिवाली का त्योहार है। परिवार का री-यूनियन है। सना की शादी का सरप्राइज है। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि पूरा घर इस पर कैसे रिएक्ट करता है? जय इन सबके बीच अपने दर्द से कैसे उबरता है? परिवार की इसी हल्की-फुल्की मस्ती, नोकझोंक, प्यार और अपनेपन को एकसाथ सजाकर परोसती है यह फिल्म।

'मीठे में क्या है' मूवी रिव्यू

राधिका बंसल ने एक प्यारी सी फील गुड पारिवारिक फिल्म से सनिमा की दुनिया में कदम रखा है। फिल्म देखते हुए दर्शकों को अपने मामा-मामी, नानी-दादी, बुआ-फूफा और कजिन्स के साथ बिताए पल याद आ जाएंगे। उन्होंने अपने किरदारों और उनके आपसी रिश्ते को हल्के-फुल्के ढंग से दिखाने की कोशिश की है। उसे ज्यादा नाटकीय नहीं बनाया है। मसलन, सना के एक शादीशुदा और बच्ची के



पिता करम से शादी पर भी उसकी मां अमृता (आयशा रजा) के अलावा बाकी परिवार सहज रहता है।

हालांकि, फिल्म के स्क्रीनप्ले में और कसावट की गुंजाइश थी। जय और उसकी नानी के रिश्ते को थोड़ा और विस्तार दिया जाता और उनके बीच कुछ गहरे भावनात्मक दृश्य बुने जाते, तो कहानी का असर बढ़ सकता था। इसी तरह, कुछ और मजेदार या दिल छू लेने वाले पल फिल्म को यादगार बना सकते थे। वैसे, जय और मीरा (शिविका ऋषि) के बीच के सीन कहानी में खूबसूरत भावनात्मक रंग भरते हैं।

इस परिवार को अपना सा बनाने में इसके कलाकारों का भी बड़ा हाथ है। रोहिणी हट्टंगड़ी, आयशा रजा, तारना राजा, शिविका, विक्रम बख्शी, ऋत्विक भौमिक, दलाई, सभी ने अपने किरदारों को बड़ी खूबसूरती से निभाया है। इनके सहज अभिनय की वजह से ये सब किरदार नहीं, बल्कि वाकई एक परिवार का हिस्सा लगते हैं।

कुल मिलाकर, 'मीठे में क्या है' कोई बहुत गहरी या चौंकाने वाली कहानी नहीं कहती, लेकिन रिश्तों की गर्माहट और त्योहार के उल्लास से मन को हल्का जरूर करती है। कुछ भावनात्मक और मनोरंजक पलों की कमी खलती है, मगर दिवाली के मौके पर परिवार के साथ देखने के लिए यह एक प्यारी-सी टाइमपास फिल्म साबित हो सकती है।

क्यों देखें- हल्के-फुल्के और खुशनुमा एहसास के लिए आप पूरे परिवार के साथ नेटफ्लिक्स पर 'मीठे में क्या है' देख सकते हैं। दैनिक सवेरा टाइम्स न्यूज मीडिया नेटवर्क इस फिल्म को 3 स्टार रेटिंग देता है। **-सवेरा फीचर्स**

हल्के-फुल्के और खुशनुमा एहसास के लिए आप पूरे परिवार के साथ नेटफ्लक्सि पर 'मीठे में क्या है' देख सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



नई दिल्ली। नवंबर की शुरुआत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर वाहन चालकों के लिए राहत की खबर है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने एक नवंबर 2026 के लिए ईंधन के नए दाम जारी कर दिए हैं। देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू स्तर पर ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं। इससे वाहन चालकों को फिलहाल पुराने रेट पर ही पेट्रोल और डीजल मिल रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार 25 मई 2026 को बदलाव किया गया था। उस समय पश्चिम एशिया में तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते पेट्रोल में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इससे पहले मई महीने में भी कई चरणों में ईंधन के दाम बढ़ाए गए थे।

एफपीआई ने अक्टूबर में की 24,475 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी



मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर 2026 में भारतीय पूंजी बाजार से 24,475 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। यह लगातार दूसरा महीना रहा जब एफपीआई पूंजी बाजार में बिकवाल रहे हैं। इससे पहले, सितंबर में उन्होंने 58,443 करोड़ रुपये की निकासी की थी। केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में एफपीआई ने इक्विटी और हाइब्रिड उपकरणों से शुद्ध निकासी की जबकि म्यूचुअल फंड और हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने अपना निवेश बढ़ा दिया। अकेले म्यूचुअल फंड में उनकी शुद्ध बिकवाली 34,843 करोड़ रुपये रही।

टाटा मोटर्स की पंच ईवी बनीं सबसे ज्यादा बिकने वाली कार



नई दिल्ली। स्वदेशी कार निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स की टाटा पंच ईवी देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार बनकर उभरी है। बीते महीने में इस कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी को कुल 4,702 ग्राहकों ने खरीदा। यदि इसकी तुलना पिछले वर्ष यानी सितंबर 2025 की बिक्री से की जाए, जब इसकी केवल 1,223 इकाइयां बिकी थीं, तो इसमें 284 प्रतिशत की अभूतपूर्व वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। किफायती कीमत और बेहतरीन रेंज के कारण यह भारतीय ग्राहकों की पहली पसंद बन गई है।

शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा : बीते सप्ताह बाजार में रही तेजी

पीएमआई आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी निवेशकों की नजर

■ मुंबई



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर घरेलू स्तर पर पीएमआई के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही परिणामों पर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम एशिया की स्थिति और कच्चे तेल की कीमतों पर होगी। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई के आंकड़े इसी सप्ताह जारी होने हैं। आईटीसी, एनएसई इंडिया लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और टाटा स्टील जैसी कंपनियों के तिमाही परिणाम आने हैं। विशेष रूप से शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद एनएसई का यह पहला तिमाही परिणाम होगा। इसके अलावा, बिक्री के आंकड़ों से वाहन निर्माता कंपनियों के प्रति निवेशकों का रुख तय होगा।

वैश्विक स्तर पर पश्चिम एशिया संकट के गहराने और कच्चे तेल की कीमतों में जारी उछाल से निवेश धारणा प्रभावित होगी। गत सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,335.7 अंक यानी 1.83 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को 74,459.53 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान 453.10 अंक यानी दो प्रतिशत चढ़कर 23,053.10 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तुलना में वृहत बाजार में तेज लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.78 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 4.08 फीसदी की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। नुकसान उठाने वालों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सप्ताह के दौरान 2.22 प्रतिशत और टीसीएस का 1.27 प्रतिशत टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 0.14 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.14 और आईसीआईसीआई बैंक में 0.07 प्रतिशत की गिरावट रही।

ट्रेंट, अडानी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा चमके

सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। ट्रेंट में सबसे अधिक 11.02 फीसदी की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स का शेयर 8.22 फीसदी, इटरनल का 8.20, इंडिगो का 7.34, कोटक महिंद्रा बैंक का 7.18 और पावरग्रिड का सात प्रतिशत चढ़ गया। एनटीपीसी का शेयर 6.04 फीसदी, एलएंडटी का 5.84, भारती एयरटेल का 4.23, टाइटन का 3.47, आईटीसी का 3.27, बीईएल का 2.50, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.42, इंफोसिस का 2.38 और सन फार्मा का 2.02 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मारुति सुजुकी का शेयर 1.37 फीसदी, बजाज फाइनेंस का 1.32, बजाज फिनसर्व का 0.72, एशियन पेंट्स का 0.43 और भारतीय स्टेट बैंक का 0.42 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 0.28 फीसदी, टाटा स्टील में 0.27, टेक महिंद्रा में 0.16, एक्सिस बैंक में 0.05 और एचडीएफसी बैंक में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही।

दिल्ली थोक जिंस बाजार साप्ताहिक समीक्षा

शकर सप्ताह में 62 रुपए महंगी चावल-गेहूं समेत सभी जिंसों के दाम बढ़े

■ नई दिल्ली





घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चीनी औसतन 62 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। चीनी के साथ चावल, गेहूं, अधिकतर दालों और खाद्य तेलों के दाम भी बढ़ गए।

चीनी में लगातार चौथे सप्ताह तेजी रही। बीते सप्ताह मीठे के बाजार में चीनी का औसत भाव 62 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 5,506 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। वहीं, गुड़ तीन रुपये सस्ता हुआ। खुदरा बाजार में भी चीनी में 58 पैसे प्रति किलोग्राम की औसत बढ़त रही और यह 59.18 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 70 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 4,377 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं की कीमत 29 रुपये बढ़कर 2,939 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। आटा भी 18 रुपये महंगा हुआ और 3,395 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 162 रुपये और चना दाल की 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 34 रुपये और उड़द दाल 31 रुपये महंगी हुई। वहीं, मसूर दाल 33 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई।बीते सप्ताह सरसों तेल औसतन 233 रुपये और पाम ऑयल 51 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 39 रुपये और सोया तेल में 12 रुपये की तेजी रही। मूगफली तेल 11 रुपये चढ़ गया। वहीं, वनस्पति में 52 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे-

दाल-दलहन : दाल चना 8,648.43 रुपये, मसूर काली 8213.55 रुपये, मूंग दाल 10551.99 रुपये, उड़द दाल 11711.48 रुपये, तुअर दाल 12519.36 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2939.42 रुपये और चावल 4377.36 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3394.98 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 5506.20 रुपये और गुड़ 5966.76 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल : सरसों तेल 19805.94 रुपये, मूंगफली तेल 19943.71 रुपये, सूरजमुखी तेल 18267.27 रुपये, सोया तेल 15840.84 रुपये, पाम ऑयल 14515.16 रुपये और वनस्पति 15914.25 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

जीएसटी संग्रह 22.9 प्रतिशत बढ़कर 2.31 लाख करोड़ के पार

■ नई दिल्ली




वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत कुल राजस्व संग्रह अक्टूबर में 22.9 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि के साथ 2.31 लाख करोड़ के पार पहुंच गया। अक्टूबर 2026 में सकल जीएसटी संग्रह 2,31,290 करोड़ रुपए रहा। यह पिछले साल अक्टूबर के 1,88,125 करोड़ रुपए के मुकाबले 22.9 फीसदी अधिक है।

इस वृद्धि में मुख्य योगदान आयात पर लगने वाले आईजीएसटी का रहा जिसमें 42.2 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई। ऐसा आयातित वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल के कारण हुआ है। अक्टूबर में आयात पर आईजीएसटी संग्रह 72,246 करोड़ रुपए रहा। घरेलू जीएसटी संग्रह 15.8 फीसदी बढ़कर 1,59,044 करोड़ रुपये हो गया। जीएसटी के तहत कुल रिफंड अक्टूबर में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत बढ़कर 27,934 करोड़ रुपए रहा। इसमें घरेलू जीएसटी के मद में दिया जाने वाला रिफंड 9.8 प्रतिशत और निर्यातकों को जारी रिफंड 3.4 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 14,007 करोड़ रुपये और 13,927 करोड़ रु. रहा।

रिफंड की राशि घटाने के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व अक्टूबर में 2,03,356 करोड़ रुपए रहा। यह अक्टूबर 2026 के मुकाबले 25.6 प्रतिशत अधिक है। इसमें शुद्ध घरेलू राजस्व 1,45,037 करोड़ रुपये और शुद्ध सीमा शुल्क राजस्व 58,319 करोड़ रुपये रहा। दोनों में क्रमशः 16.4 प्रतिशत और 56.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के दौरान सकल राजस्व संग्रह 13.2 फीसदी बढ़कर 14,77,569 करोड़ रुपए और रिफंड 16.9 प्रतिशत बढ़कर 2,08,083 करोड़ रु. रहा। इस प्रकार, शुद्ध राजस्व संग्रह 12.6 प्रतिशत बढ़कर 12,69,486 करोड़ रु. पर पहुंच गया।

टेलीकॉम कंपनियों के लिए एआई के नए कड़े नियम लाएगा ट्राई

■ नई दिल्ली



भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने देश की दूरसंचार कंपनियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जिम्मेदार और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु नए मसौदा नियम प्रस्तावित किए हैं। ये प्रावधान एआई के बढ़ते इस्तेमाल से उत्पन्न संभावित खतरों को नियंत्रित कर उसकी जवाबदेही तय करेंगे। नए नियमों के तहत, लाइसेंस प्राप्त दूरसंचार संस्थाओं को अपने नेटवर्क और सेवाओं में उपयोग होने वाले एआई तंत्र के परिणामों के लिए पूरी तरह जवाबदेह ठहराया जाएगा। एआई सिस्टम चाहे कंपनी ने विकसित किया हो या किसी तीसरे पक्ष से लिया हो, अंतिम जिम्मेदारी संबंधित दूरसंचार कंपनी की ही होगी, जिससे किसी भी खामी के लिए स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। ट्राई के मसौदे अनुसार, प्रत्येक दूरसंचार कंपनी को बोर्ड अनुमोदित आंतरिक एआई नीति बनानी होगी।

फ्लाइट टिकट होगी महंगी, लगातार चौथे महीने बढ़े एटीएफ के दाम

■ एक नवंबर से दिल्ली में एटीएफ बढ़कर 138.50 रुपये प्रति लीटर

■ नई दिल्ली



विमान ईंधन यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में लगातार चौथे महीने बढ़ोतरी की गई है। एक नवंबर से दिल्ली में एटीएफ की कीमत 137.12 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 138.50 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इस बार कीमत में 1.38 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों से विमानन कंपनियों की परिचालन लागत पर दबाव बढ़?ने की आशंका है। इसका असर आने वाले समय में हवाई यात्रियों के टिकटों पर भी पड़ सकता है। इससे पहले अक्टूबर में एटीएफ की कीमतों में 13.22 प्रतिशत यानी लगभग 16 रुपये प्रति लीटर की बड़ी बढ़ोतरी की गई थी। लगातार चार महीनों से ईंधन महंगा होने के कारण विमानन कंपनियों के खर्च में इजाफा हो रहा है। किसी भी एयरलाइन के कुल परिचालन खर्च में विमान ईंधन की हिस्सेदारी लगभग 35 से 40 प्रतिशत तक होती है। ऐसे में ईंधन की कीमत बढ़ने से कंपनियों के आर्थिक गणित पर सीधा असर पड़ता है। एटीएफ महंगा होने के बाद विमानन कंपनियां अपने खर्च की भरपाई के लिए टिकटों पर फ्यूल सरचार्ज लगाने या मौजूदा किराये में बदलाव करने का विकल्प अपना सकती हैं। हालांकि, फिलहाल किसी भी मार्ग पर हवाई टिकटों की कीमत तत्काल बढ़ाने की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। यदि आने वाले महीनों में विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रहती है, तो यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए अधिक रकम चुकानी पड़ सकती है। खासकर त्योहारों, छुट्टियों और पर्यटन के मौसम में टिकटों की मांग बढ़ने के कारण किराये में बदलाव देखने को मिल सकता है। ऐसे में हवाई यात्रियों की नजर अब विमानन कंपनियों के अगले फैसले पर टिकी है।

ब्याज दरों में संभावित वृद्धि के बीच मुंबई में घरों की बिक्री नौ फीसदी बढ़ी

■ मुंबई



ब्याज दरों में संभावित बढ़ोतरी के बीच गत अक्टूबर में मुंबई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 12,690 इकाई तक पहुंच गया। नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा महाराष्ट्र के रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प विभाग के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर रविवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि अक्टूबर में स्टाम्प ड्यूटी कलेक्शन भी 12 प्रतिशत बढ़कर 1,173 करोड़ रुपये रहा। रिजर्व बैंक ने अक्टूबर में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की थी और अपने रुख को सख्त करने की घोषणा की थी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा था कि निकट भविष्य में रेपो दर या तो स्थिर रहेगी या इसमें बढ़ोतरी की जाएगी। फिलहाल नरमी की कोई संभावना है। ऐसे में ग्राहकों को बैंकों द्वारा होम लोन पर ब्याज दर बढ़ने की आशंका भी है।

नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा है कि मुंबई में आवासीय इकाइयों की यह मांग इसलिए भी खास है क्योंकि अक्टूबर में कई त्योहार और धार्मिक आयोजन थे। 'श्राद्ध' के समय आमतौर पर प्रॉपर्टी के सौदे कम होते हैं। इसके बाद नवरात्र में पिछले साल की तुलना में इस साल प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के लिए कम कामकाजी दिन मिले। इन सबके बावजूद, पंजीकरण की संख्या और राजस्व संग्रह अधिक रहा। यह घर खरीददारों के मजबूत भरोसे और बाजार में मौजूद गहरी मांग को दिखाता है।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, 'मुंबई का आवासीय बाजार लगातार बेहतरीन मजबूती और गहराई दिखा रहा है। अक्टूबर का प्रदर्शन उत्साहजनक है, क्योंकि यह तब हासिल हुआ जब एक तरफ 'श्राद्ध' का समय था और दूसरी तरफ नवरात्र के कारण रजिस्ट्रेशन के लिए कम दिन उपलब्ध थे। सबसे खास बात यह है कि 2026 के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता बनी रही है।

10 महीने में स्टाम्प ड्यूटी संग्रह भी पांच प्रतिशत बढ़ा

जनवरी से अक्टूबर 2026 के बीच मुंबई में 1,32,040 प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन हुए, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले सात प्रतिशत अधिक है। ऐतिहासिक रूप से उच्च लेनदेन के स्तर तक पहुंचने के बाद भी बाजार लगातार विस्तार करने की क्षमता रखता है। साल के पहले 10 महीने में स्टाम्प ड्यूटी संग्रह भी पांच प्रतिशत बढ़ा है। जनवरी से अक्टूबर 2025 में यह 11,186 करोड़ रुपये था, जो जनवरी से अक्टूबर 2026 में बढ़कर 11,756 करोड़ रुपये हो गया।

धनतेरस और दीपावली पर खरीदारों की बल्ले-बल्ले

सोने-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

■ मुंबई



धनतेरस और दीपावली से पहले भारतीय सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव और अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण कीमती धातुओं के भाव नीचे आए हैं। 31 अक्टूबर को दिल्ली के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 3,200 रुपये गिरकर 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी 4,200 रुपये टूटकर 1.86 लाख रुपये प्रति किलो रह गई। व्यापारिक के अनुसार 30 अक्टूबर को 24 कैरेट सोने का बंद भाव 1,40,054 रुपये और चांदी का भाव 1,81,344 रुपये प्रति किलो था। कीमतों में गिरावट से त्योहारों पर आभूषण खरीदने की तैयारी कर रहे परिवारों को राहत मिली है। ज्वेलरी कारोबारियों को भी उम्मीद है कि कम कीमतों के चलते धनतेरस और दीपावली पर खरीदारी बढ़ेगी। हालांकि बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। 360 वन एसेट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और फंड मैनेजर राहुल खेतावत के अनुसार, ऊर्जा की बढ़ती कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है, जिससे यूएस फेडरल रिजर्व की ओर से सख्त टिप्पणी देखने को मिली है। इससे मॉनेटरी ईजिंग की उम्मीदों को झटका लगा है और कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर फैसलों और ऊर्जा कीमतों में अनिश्चितता के चलते सर्राफा बाजार में निकट भविष्य में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

अक्टूबर में वाहनों की बिक्री में जबरदस्त तेजी रही

मारुति सुजुकी इंडिया सहित कई कंपनियों ने बनाया रिकॉर्ड

■ नई दिल्ली



घरेलू बाजार में वाहनों की बिक्री में पिछले एक साल से अधिक समय से जारी तेजी अक्टूबर में भी बरकरार रही और मारुति सुजुकी इंडिया ने मासिक बिक्री का नया रिकॉर्ड कायम किया। देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी की 2,16,789 इकाई दर्ज की गई। साथ ही निर्यात समेत कुल बिक्री 2,76,120 इकाई रही। दोनों ही नया मासिक रिकॉर्ड है। पिछले साल अक्टूबर के मुकाबले इनमें क्रमशः 20 प्रतिशत और 25 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई है।

देश की दूसरी सबसे बड़ी यात्री वाहन कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की घरेलू बिक्री 21 प्रतिशत और निर्यात 852 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 73,894 इकाई और 1,532 इकाई पर पहुंच गया। इस प्रकार यात्री वाहनों की उसकी कुल बिक्री 75,426 इकाई रही जो एक साल पहले की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। साथ ही निर्यात समेत इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल बिक्री 75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 16,244 इकाई रही। रेनो इंडिया की बिक्री साल-दर-साल 35 प्रतिशत बढ़कर अक्टूबर में 4,577 इकाई हो गई। इस साल जनवरी से अक्टूबर तक कंपनी ने 39,955 वाहन बेचे हैं जो पिछले साल की इसी अवधि से 31 प्रतिशत और साल 2025 के पूरे 12 महीने से करीब पांच प्रतिशत अधिक है।

हुंडई मोटर इंडिया ने भी मासिक बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाते हुए घरेलू बाजार में 62,799 और विदेशों में 19,500 यात्री वाहन बेचे। इनमें क्रमशः 16.7 फीसदी और 21.1 फीसदी की सालाना वृद्धि देखी गई। कुल बिक्री 17.7 प्रतिशत बढ़कर 82,299 इकाई रही जो अब तक उसका सबसे अच्छा मासिक प्रदर्शन है।

होंडा, टीवीएस के वाहनों में हुई जोरदार वृद्धि

दोपहिया के क्षेत्र में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 7,34,566 इकाई हो गई। उसने घरेलू बाजार में 6,64,831 दुपहिया वाहन बेचे जबकि निर्यात 69,735 इकाई रही यह क्रमशः 11 प्रतिशत और 35 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दिखाता है। टीवीएस मोटर कंपनी की कुल बिक्री 29 प्रतिशत बढ़कर 7,00,134 इकाई हो गई। इसमें दुपहिया की कुल बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 6,70,679 इकाई रही। दुपहिया ईवी की कंपनी की बिक्री में 120 फीसदी का इजाफा हुआ और यह 71,382 इकाई हो गई। निर्यात 51 प्रतिशत बढ़कर 1,75,350 इकाई पर पहुंच गया। तिपहिया की बिक्री 29,455 इकाई पर रही एक साल पहले के मुकाबले 60 प्रतिशत अधिक है।

ट्रायम्फ ने नई टाइगर 1200 को किया वैश्विक स्तर पर पेश

■ नई दिल्ली



ट्रायम्फ कंपनी ने अपनी नई टाइगर 1200 को वैश्विक स्तर पर पेश कर दिया है। ट्रायम्फ ने इस एडवेंचर मोटरसाइकिल के इंजन को पहले से अधिक शक्तिशाली और कई आधुनिक सुरक्षा और तकनीकी सुविधाएं भी शामिल की हैं। भारतीय बाजार में इस नई बाइक की बिक्री मार्च 2027 से शुरु होने की पूरी संभावना है।

हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसे चार वेरिएंट में उतारा गया है, लेकिन भारत में कंपनी इसके दो प्रमुख वेरिएंट्स जीटी प्रो और रैली एक्सप्लोरर को ही उपलब्ध कराएगी। भारतीय बाजार के लिए इसकी आधिकारिक कीमतों की घोषणा अभी नहीं की गई है। नई ट्रायम्फ टाइगर 1200 में 1,160 सीसी का तीन-सिलेंडर, लिक्विड कूल्ड इंजन दिया गया है। यह इंजन 158 हॉर्सपावर की अधिकतम ताकत और 130 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। पुराने मॉडल की तुलना में इसकी पावर में 8 हॉर्सपावर की बढ़ोतरी की गई है। इंजन के परफॉर्मेंस को अधिक सहज बनाने के लिए इसके सिलेंडर हेड, पिस्टन, इनटेक और एग्जॉस्ट सिस्टम में जरूरी बदलाव किए गए हैं। इसके गियरबॉक्स और शाफ्ट ड्राइव सिस्टम को भी पहले से बेहतर बनाया गया है ताकि कम रफ्तार पर भी चालक को बेहतरीन टॉर्क मिल सके। इस मोटरसाइकिल की सबसे बड़ी खासियत इसमें दी गई रडार आधारित सुरक्षा तकनीक है। इसकी मदद से बाइक में अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल, फ्रंट कोलिजन वार्निंग, इमरजेंसी ब्रेकिंग असिस्ट और ब्लाइंड स्पॉट अलर्ट जैसी सुरक्षा सुविधाएं मिलती हैं। इसके अलावा इसमें 7-इंच की टीएफटी टचस्क्रीन दी गई है।